

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-16 सीहोर,गुरूवार 27 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए संत समाज हरसंभव प्रयास करे : राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु

**राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु की उपस्थिति में बागेश्वर धाम में हुआ 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह, राष्ट्रपति ने उपहार देकर की नव दम्पतियों के सुखमय जीवन की कामना**




भोपाल (निप्र)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामय उपस्थिति में बागेश्वर धाम में 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह महोत्सव हुआ। भव्य समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित सामूहिक विवाह में दाम्पत्य सूत्र में बंध रहे जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि समकालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और समाज को जागरूक करने के लिए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पहल सराहनीय है। गुरूनानक देवजी, संत रविदास, कबीरदास, मीरा बाई जैसे कई संतों ने अपने उपदेशों से छुआछूत जैसी कुरीतियों को दूर करने और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाने का संदेश दिया है। समाज को सन्मार्ग दिखाने की संत परम्परा के इस उद्देश्य को बागेश्वर धाम प्रभावी रूप से आगे बड़ा रहे है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के सम्मुख जोड़ों की वरमाला रस्म संपन्न हुई, उन्होंने प्रतीक स्वरूप 3 जोड़ों को उपहार भेंट किए। श्री बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुई 251 बेटियों में से 108 बेटियां जनजातीय समुदाय की हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के बागेश्वर धाम पहुंचने पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने अंगवस्त्रम और तुलसी की माला भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान यंत्र, बालाजी सरकार का विग्रह, धाम से जुड़ा साहित्य और स्मृति चिन्ह भी भेंट किये। इस अवसर पर धाम द्वारा आयोजित छठे सामूहिक विवाह महोत्सव पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन हुआ। समारोह में खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देश वुमेन लेड डेवलपमेंट को लेकर अग्रसर है। ऐसे समय में बेटियों को सबल और सशक्त बनाने में सहयोग करना समाज और सरकार का कर्तव्य है। बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करने के लिए जन-जन को प्रतिबद्ध होना होगा। बेटियों के सशक्त होने से परिवार, समाज और देश सशक्त होगा। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2047 में स्वतंत्रता की शताब्दी तक देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ हम अग्रसर हैं। हम ऐसे भारत का निर्माण करें, जो न केवल आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर हो अपितु सामाजिक समरसता से भी परिपूर्ण हो। देश पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध हो और आध्यात्म से विश्व को राह दिखाने में सक्षम हो। ऐसे राष्ट्र निर्माण में संतों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने संत समाज से मानव कल्याण की भावना के साथ देश में सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और श्री बागेश्वर धाम सेवा समिति द्वारा कराए जा रहे सामूहिक कन्या विवाह समारोह की सराहना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने नव दम्पतियों को उपहार दिए।

### संत, सत्ता और शासन की त्रिवेणी के संगम से बागेश्वर धाम बना रहा है नये कीर्तिमान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का मध्यप्रदेश पधारने पर अभिनंदन करते हुए कहा कि



यह हमारा सौभाग्य है कि बागेश्वर धाम में हनुमान जी के आशीर्वाद से सामाजिक बुराईयों को दूर करने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। समाज में विद्यमान जातिगत दीवारों को तोड़ना आज के समय की आवश्यकता है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री के प्रयासों से जातिगत बाधाएं टूटी हैं और अलग-अलग जातियों के दूल्हे एक साथ घोड़ी पर बैठे हैं। जातिगत विषमताओं के खिलाफ लड़ते हुए समाज के सामने, शासन-सत्ता और संत की त्रिवेणी की मौजूदगी में सामूहिक विवाह आयोजित कर बागेश्वर धाम नए कीर्तिमान बना रहा है। समाज में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक सौहार्द्र बढ़ाने के ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करने की बहुत आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐसे संकल्पों के लिए पंडित धीरेंद्र शास्त्री को बधाई दी।



महाशिवरात्रि के अवसर पर भोपाल के बड़वाले महादेव मंदिर में शिव बारात के दौरान बाबा महाकाल का रथ खींचते केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

## देशभर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

नई दिल्ली (आरएनएस)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर देशभर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। बोम बम और हर हर महादेव के जयकारों से शिवालय गुंजायमान हो रहे हैं। काशी विश्वनाथ से लेकर हरिद्वार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और बिहार तक श्रद्धालु अपने इष्टदेव भगवान शिव का लोग अभिषेक कर रहे हैं। काशी में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था है। काशी में महाशिवरात्रि के दौरान, मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सभी गेट खोले गए हैं, जिससे भक्तों को सुगमता से दर्शन का लाभ मिल रहा है। हालांकि, अखाड़ों की पेशवाई के दौरान तीन घंटे तक श्रद्धालुओं के दर्शन पर रोक रहेगी, जब नागा साधु संत काशी विश्वनाथ में जलाभिषेक करेंगे। मंदिर प्रशासन ने इस दौरान वीआईपी दर्शन पर भी रोक लगा रखी है। मुंबई के वसई और नालासोपारा में महाशिवरात्रि की धूम है। विरार और नालासोपारा क्षेत्रों में तुंगारेश्वर महादेव मंदिर सहित कई प्राचीन शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। सुबह से ही भक्तगण पूजा-अर्चना में लीन हैं और महादेव के जयकारे से वातावरण गूंज रहा है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।हरिद्वार में महाशिवरात्रि के अवसर पर कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव, तिलभांडेश्वर महादेव, दरिद्र भंजन और अन्य शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं।



भक्त बेलपत्र, दूध, दही, शहद, भांग, धतूरा और गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक कर रहे हैं।

वहीं, कांवड़ यात्रा में आए श्रद्धालु हर की पैड़ी पर गंगा स्नान कर शिवालयों में जल चढ़ाते हुए देखे जा रहे हैं।

बिहार के मोतिहारी स्थित अरेराज का सोमेश्वर नाथ मंदिर भी महाशिवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं से भरा हुआ है। यहां नेपाल से भी भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रशासन ने अर्घा सिस्टम (मंदिरों में इस सिस्टम के जरिए श्रद्धालु जल और फूल लेकर भगवान शिव को अर्पण करते हैं) लागू किया है, ताकि भगदड़ की घटना न हो।

नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और हिमाचल के नैना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना गुजरात के द्वारका के पास स्थित नागेश्वर ज्योतिर्लिंग में भी महाशिवरात्रि के दिन भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी है। श्रद्धालु भगवान शिव की आरती में सम्मिलित होकर अपने जीवन की सभी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना कर रहे हैं।

## दोषी नेताओं पर लाइफटाइम बैन का केंद्र सरकार ने किया विरोध, सुप्रीम कोर्ट में कहा

**अपराधी नेताओं के बारे में फैसला करेगी संसद**

नई दिल्ली (ए)। केंद्र सरकार ने आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जाने वाले राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका का सुप्रीम कोर्ट में विरोध करते हुए बुधवार को कहा कि इस तरह की अयोग्यता लागू करना पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र द्वारा अदालत में दायर हलफनामे में केंद्र में कहा कि याचिका में यही मांग की गई है जो कानून को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के समान है जो न्यायिक समीक्षा की शक्तियों से पूरी तरह बाहर है। ये सवाल कि क्या आजीवन प्रतिबंध उचित होगा या नहीं, ये पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में है। हलफनामे में कहा गया है कि दंड की कार्रवाई और जुर्माने को उचित समय अवधि तक सीमित रखने से सुधार सुनिश्चित किया जाता है। जबकि बेवजह की सख्ती से बचा जाता है।केंद्र ने कहा कि दंड के प्रभाव को समय के आधार पर सीमित करने में कोई असंवैधानिक बात नहीं है और यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय के आधार पर या फिर परिणाम के आधार पर सीमित होता है। हलफनामे में कहा गया है, यह प्रस्तुत किया गया है कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों के व्यापक प्रभाव हैं और वे स्पष्ट रूप से संसद की विधायी नीति के अंतर्गत आते हैं तथा इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में उचित परिवर्तन किया जाएगा। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के अलावा दोषी ठहराए गए राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा कि शीर्ष अदालत ने लगातार कहा था कि एक विकल्प या दूसरे विकल्प पर विधायी विकल्प पर अदालत में सवाल नहीं उठाया जा सकता।



## महाकुंभ आए श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया : सीएम योगी

गोरखपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों, प्रयागराज महाकुंभ, बाबा विश्वनाथ धाम, अयोध्या में देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं और प्रदेश के सभी देवालयों-शिवालयों में उमड़े आस्थावानों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का विशेष उल्लेख करते हुए कहा है कि यहां अब तक लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्रीयता के प्रति समर्पण का संदेश पूरी दुनिया को दिया है।महाशिवरात्रि पर बुधवार को गोरखपुर के प्रमुख शिवालयों के भ्रमण, दर्शन-पूजन और जलाभिषेक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि आज महाशिवरात्रि है अर्थात देवाधिदेव महादेव की उपासना का विशेष दिवस। देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता हैं। वह सबके प्रति कल्याण का भाव रखते हैं। उनकी कृपा दृष्टि से ही सभी व्यवस्था संचालित हो पाती है। महाशिवरात्रि पर प्रयागराज महाकुंभ में, बाबा विश्वनाथ के धाम काशी में और प्रदेश के अन्य सभी महत्वपूर्ण शिवालयों में श्रद्धालुजन भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था निवेदित कर रहे हैं। हर जगह भारी भीड़ है और श्रद्धालुजन अपार श्रद्धा भाव के साथ दर्शन-पूजन कर रहे हैं।

## सीबीएसई के ड्राफ्ट पर पंजाब सरकार ने जताई आपत्ति, बोर्ड का स्पष्टीकरण आया सामने

चंडीगढ़ (आरएनएस)। साल में दो बार बोर्ड परीक्षा प्रारूप के लिए सीबीएसई की मसौदा योजना से पंजाबी को कथित रूप से हटाए जाने के मुद्दे पर सीबीएसई ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि पंजाबी भाषा को अगले साल योजना के नए मसौदे में जोड़ा जाएगा, जिसका उद्देश्य साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करना है, जिसमें एक क्षेत्रीय और विदेशी भाषा मुख्य होगी।सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आज पेश किए गए विषयों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह सूची सांकेतिक है।




## दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प, झंडा लगाने पर बढ़ा विवाद

हजारीबाग (आरएनएस)। झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत इचाक प्रखंड के डुमरौन गांव में दो समुदायों के बीच बुधवार को हिंसक झड़प हुई। दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ, जिसमें कम से कम 20 लोग घायल हुए हैं। उपद्रवियों ने तीन मोटरसाइकिल में भी आग लगा दी। हिंसक टकराव की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन के अधिकारी और सुरक्षा बलों की टुकड़ियां मौके पर पहुंचीं।इसके बाद हालात पर काबू पा लिया गया। बताया गया कि डुमरौन स्थित सरकारी विद्यालय के गेट पर धार्मिक झंडा लगाने को लेकर विवाद बढ़ा और देखते ही देखते दो समुदायों के लोग आमने-सामने हो गए। एक समुदाय ने करीब दो साल पहले विद्यालय में धार्मिक प्रतीक वाला मीनारनुमा गेट बना दिया था। इस पर ग्रामीणों का एक समूह लगातार आपत्ति जताता रहा है। इसे लेकर जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सहित कई अफसरों को कई बार ज्ञापन भी सौंपा गया था, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। बुधवार को इसी गेट के पास एक समुदाय के लोग गाना बजाते हुए धार्मिक झंडा लगाने पहुंचे तो दूसरे पक्ष ने पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों ओर से जमकर भिड़ंत हुई।घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया है। पुलिस के पहुंचने के बाद दोनों पक्षों को मौके से हटा दिया गया, लेकिन इस बीच तीन मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर देने से तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। इचाक के बीडीओ और थाना प्रभारी मौके पर मौजूद हैं। पुलिस-प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए इलाके में शांति बहाल करने के लिए अभियान तेज कर दिया है। दोनों पक्षों के बीच वार्ता कराने की कोशिश की जा रही है।एक समुदाय के लोगों का कहना है कि जब प्रशासन ने सरकारी विद्यालय में धार्मिक प्रतीक वाला मीनार का निर्माण नहीं रोका तो दूसरे पक्ष को भी वहां झंडा लगाने का अधिकार है।



### बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार, भाजपा के सात विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

पटना (आरएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के सात विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई।

इस समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा और विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव भी उपस्थित रहे।मंत्री पद की शपथ लेने वालों में दरभंगा के विधायक संजय सरावगी, जाले के जिवेश मिश्रा, साहेबगंज के राजू कुमार सिंह, सिकटी के विजय कुमार मंडल, बिहारशरीफ के सुनील कुमार, रीगा के मोतीलाल प्रसाद और अमनौर के कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं।मंत्रिमंडल विस्तार से ठीक पहले बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने इस्तीफा देने को लेकर कहा कि पार्टी में एक व्यक्ति, एक पद का फॉर्मूला है, इसलिए इस्तीफा दे रहा हूं। उनका इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया गया।इससे पहले बिहार मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री समेत 30 मंत्री थे। भाजपा के 16 मंत्री थे, जिनमें दो उपमुख्यमंत्री शामिल हैं। इनमें से एक मंत्री दिलीप जायसवाल ने इस्तीफा दे दिया।

## आतंकियों ने सेना की गाड़ी को बनाया निशाना



**बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां**

राजौरी (ए)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है, जिसमें आतंकियों ने सेना की गाड़ी पर कई राउंड फायरिंग की। यह घटना सुंदरबनी सेक्टर में करीब 12:45 बजे हुई। हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है, हालांकि इस हमले में किसी के घायल या हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

सूत्रों के अनुसार, हमलावरों ने हमला करने के बाद मौके से फरार हो गए। घटना उस समय हुई जब सेना द्वारा इलाके में पहले से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। सुंदरबनी इलाका एलओसी से सटा हुआ है और पाकिस्तान सीमा के पास होने के कारण सुरक्षा बलों द्वारा यहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इस समय सेना ही पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है, और पुलिस को वहां प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। फिलहाल, इलाके में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। हालांकि, सेना ने अब तक इस हमले पर आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है।

### रामदास आठवले ने महाकुंभ में उद्धव ठाकरे और राहुल गांधी के नहीं जाने को बताया हिंदुओं का अपमान

मुंबई (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने महाकुंभ में उद्धव ठाकरे और राहुल गांधी के न पहुंचने को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे और राहुल गांधी को कुंभ में स्नान करने जाना चाहिए था। उन्होंने वहां न जाकर हिंदुओं का अपमान किया है।

आठवले ने कहा कि महाकुंभ में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। यह अवसर 144 साल बाद आया था। यह उनका व्यक्तिगत निर्णय हो सकता है, लेकिन राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे को स्नान करने जाना चाहिए था। इन नेताओं को हिंदू वोटरों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए था, खासकर जब वे खुद हिंदू हैं। उनका मानना है कि उद्धव ठाकरे, जो हमेशा हिंदुत्व की बात करते रहे हैं, का इस अवसर पर नहीं जाना गलत है और यह हिंदुओं का अपमान है।उन्होंने कहा कि हिंदू वोटरों को इन नेताओं का बहिष्कार करना चाहिए और चुनावों में इन्हें सबक सिखाना चाहिए।





# जीआईएस राज्य के डिजिटल भविष्य के लिए मील का पत्थर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## टैक्नोलॉजी हब बनने की ओर अग्रसर है मध्यप्रदेश

भोपाल (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) भोपाल में कहा है कि देश के विकास में 3टी- टैक्सटाइल, टूरिज्म, टेक्नोलॉजी की विशेष भूमिका रहेगी। मध्यप्रदेश अब पारंपरिक औद्योगिक राज्य नहीं, बल्कि भारत में टैक्नोलॉजी और इनोवेशन का हब बनने की ओर अग्रसर है। जीआईएस में पहली बार आईटी एवं टैक्नोलॉजी समिट का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह आयोजन राज्य के डिजिटल भविष्य के लिये मील का पत्थर साबित होगा। इस समिट में राज्य को टेक्नोलॉजी के नये केन्द्र के रूप में स्थापित किया। समिट में दुनिया के टेक लीडर्स, उद्योग विशेषज्ञों, निवेशको, इनोवेटर्स और स्टार्ट-अप्स आदि ने भाग लिया।

राज्य को आईटी क्षेत्र में 64 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये। इससे प्रदेश में 1.8 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इन रोजगारों में युवाओं की भागीदारी सर्वाधिक रहेगी। टेक कंपनियों जैसे डिजिटल कन्वर्जेंस टेक्नोलॉजीज, थोलोन्स, एलसीना, श्रीटेक, केन्स टेक्नोलॉजी और बियॉन्ड स्टूडियोज आदि ने राज्य में निवेश किया है। ग्लोबल टेक कंपनियों ने भी मध्यप्रदेश में निवेश की रूचि दिखाई, जिनमें आईबीएम, माइक्रोसॉफ्ट, बारक्लेज जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। राज्य के तकनीकी इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिये इन कंपनियों से एमओयू भी किये गये। इससे टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा।

जीआईएस भोपाल को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिये पहली बार 6 विभागीय समिट का आयोजन किया गया। आईटी एवं टेक्नोलॉजी समिट में उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप के लिये 4 विशेष सत्र आयोजित किये गये। इस समिट में सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग के साथ उद्योगों के विशेषज्ञों ने सीधे संवाद किया, राज्य की नीतियों पर चर्चा की और निवेश के नये अवसरों की रूपरेखा तय की। समिट में



### आईटी क्षेत्र में 64 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त

इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिलाइन एंड मैन्यूफैक्चरिंग, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, इनिमेशन विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी, सेमीकंडक्टर और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते विषयों पर राज्य की सम्भावित रणनीतियों पर चर्चा की गई। राज्य सरकार ने सेमीकंडक्टर मैनुफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने और ड्रोन टेक्नोलॉजी को प्रोत्साहित करने के लिये विशेष कदम उठाये हैं।

जीआईएस- भोपाल में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग की नवीन पॉलिसी को भी लॉन्च किया। प्रदेश को आईटी क्षेत्र निवेश अनुकूल बनाने के लिये मध्यप्रदेश एनीमेशन, वीआर, गेमिंग कामिक्स और विस्तारित रियलिटि नीति- 2025, जीसीसी नीति- 2025, सेमी कंडक्टर नीति- 2025 और ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति- 2025 को लॉन्च किया गया। इन नीतियों में आईटी एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र निवेश आकर्षित करने के लिये वित्तीय एवं गैर वित्तीय प्रावधान किये गये हैं। भविष्य की संभावनाओं का ध्यान रखते हुये इन नीतियों को व्यापक और दूरदर्शी बनाया गया। आईटी उद्योगों के विशेषज्ञों द्वारा राज्य की नीतियों की सराहना विभागीय समिट के दौरान की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आईटी और टेक्नोलॉजी सेक्टर में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए नए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। इनमें एआई, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, ब्लॉक चेन और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी अत्याधिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जीआईएस-भोपाल ने निवेश आकर्षित करने साथ ही विचार मंथन, नीति निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर प्रदान किया। विकसित भारत के साथ विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिये आईटी क्षेत्र मध्यप्रदेश को निवेश, नवाचार और अवसरों की नई ऊंचाईयों तक ले जायेगा।

## महाशिवरात्रि पर रीवा में निकली भव्य शिव बारात

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल हुए शामिल

भोपाल (ए.)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रीवा शहर में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात का आयोजन किया गया। बैजू धर्मशाला प्रांगण से प्रारंभ हुई इस बारात में धर्मध्वजा, शहनाई, नगड़िया, ढोल-नगाड़े, घोड़ा, बग्घी एवं आकर्षक झांकियों के साथ श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। शहर के विभिन्न मार्गों से गुज़रते हुए यह शोभायात्रा भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम बनी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल इस पावन आयोजन में सम्मिलित हुए। उन्होंने शिव बारात में शामिल होकर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की और समस्त श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## निगम दारोगा सहित चचेरे भाईयो पर धारदार हथियारो से हमला

### -शादी में शामिल होने आये थे आरोपी और फरियादी, पार्किंग को लेकर हुआ विवाद

भोपाल(ए.)। भोपाल रेलवे स्टेशन के पास आयोजित एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने पहुंचे निगम कर्मचारी और उसके दो चचेरे भाईयों का पार्किंग को लेकर शादी में आये अन्य युवको से विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर आरोपियो ने उन पर हथियारों से वार करते हुए मोबाइल भी तोड़ दिया। मामले की शिकायत जीआरपी पुलिस से की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कोलार रोड पर रहने वाले विवेक नाहर ने अपनी शिकायत में बताया की वह भोपाल नगर निगम में सफाई दरोगा है। उसके छोला मंदिर थाना क्षेत्र में रहने वाले रिश्तेदार विजय धौलपुरिया की शादी का फंक्शन 23 फरवरी की रात भोपाल रेलवे स्टेशन के पास एक वैवाहिक स्थल पर रखा गया था। शादी में वह भी अपने दो चचेरे भाईयों दीपक नाहर और राहुल नाहर के साथ शामिल होने के लिये आया था। रात करीब 9 बजे वैवाहिक स्थल पर वाहन पार्क करने को लेकर उनका विवाद शादी में ही शामिल होने आये मंगल सोनकर, अर्जुन सोनकर, विक्की सोनकर, सूरज सोनकर, मिथुन सोनकर, भैयू सोनकर और मनोज सोनकर से हो गया था। झगड़ा बढ़ने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए डंडों और छुरी से तीनो पर हमला कर मारपीट की। हमले में दीपक नाहर के चेहरे और पैरो में चोटें आई है। वहीं विवेक को नाक-कान और पैर में और राहुल को सिर में चोट लगी है। आरोप है की मारपीट के दौरान आरोपी अर्जुन सोनकर ने राहुल नाहर की सोने की चेन भी छीन ली और उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मामला कायम कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।



## बिजली के पोल पर चढ़कर कनेक्शन कर रहे किसान की करंट लगने से मौत

भोपाल (ए.)। देहात इलाके के बिलखिरिया थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। हादसे में समय वह बिजली के पोल पर कनेक्शन करने चढ़ा था। उसी उसे करंट का तगड़ा झटका लगा और वह नीचे गिरकर बेसूध हो गया था। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अुनसार ग्राम पडरिया में रहने वाला किशन लाल अहिरवार पिता चैन सिंह अहिरवार (31) पेशे से खेती किसानी करता था। गॉव में ही उसकी खेती की जमीन है। बीती रात करीब 12 बजे लाइट न होने पर वो बिजली के पोल पर चढ़कर कनेक्शन कर रहा था। उसी समय अचानक लाइट आने से तारो में करंट आ गया। पोल पर चढ़कर कनेक्शन कर रहे किशान लाल को करंट का तगड़ा झटका लगा और वह खंभे से नीचे गिरकर बेसूध हो गए। परिवार वाले उन्हें इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। पुलिस आगे की जॉच कर रही है।

## एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविरों में हुई 800 से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच



भोपाल (निप्र) एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में मंगलवार को शिविरों में 842 गर्भवती महिलाओं की जांच कर हाईरिस्क प्रेगनेंसी को चिह्नित किया गया। गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल डिस्पेंसरी, संजीवनी क्लिनिक के साथ साथ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत हॉस्पिटल, इंदिरा गांधी गैस राहत अस्पताल , हमीदिया अस्पताल, खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक हॉस्पिटल, प्रोतिमा मालिक पुलिस अस्पताल में शिविर आयोजित हुए। शिविरों में चिह्नांकित हाईरिस्क महिलाओं की विशेष चिकित्सकीय देखभाल एवं अतिरिक्त फॉलोअप किया जा रहा है। अभियान के तहत निजी सोनोग्राफी केंद्रों के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार निःशुल्क सोनोग्राफी भी करवाई गई। साथ ही जांच के लिए महिलाओं को लाने एवं घर छोड़ने की सुविधा 108 एंबुलेंस द्वारा निःशुल्क दी गई।अभियान के तहत निजी स्वास्थ्य संस्थाओं के चिकित्सकों द्वारा माह की 9 और 25 तारीख को शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में आकर नि:शुल्क परामर्श भी दिया जा रहा है। शिविर में 156 महिलाओं को गर्भावस्था प्रेरित उच्च रक्तचाप, पूर्व में सीजेरियन प्रसव होने, गंभीर एनीमिया, हैबिचुअल अबॉर्शन, पूर्व में मृत शिशु जन्म, ग्रैंड मल्टीपैरा, माल प्रेजेंटेशन जैसी विभिन्न जटिलताओं के आधार पर चिह्नांकित किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि एक्सटेंड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में चिह्नांकित हाईरिस्क महिलाओं को सुरक्षित प्रसव होने तक निरंतर फॉलोअप किया जाता है। मातृ मृत्यु दर को कम करने में इन शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## एमपी में आठवीं बोर्ड का मैथ्स का पेपर वायरल,परीक्षा कैंसल होगी या नहीं जल्द होगा फैसला




भोपाल (ए.)। मप्र बोर्ड की पांचवीं व आठवीं का मंगलवार को गणित का पेपर हुआ। दोपहर दो बजे से परीक्षा शुरू होनी थी, लेकिन इससे महज एक घंटा पहले सागर, डिंडौरी, ग्वालियर और भोपाल जिले में प्रश्नपत्र वायरल होने की बात सामने आ गई।इसके बाद परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र वितरण करने की प्रक्रिया को रोक दिया गया। बाद में बताया गया कि आठवीं का गणित का प्रश्नपत्र वायरल हुआ है। इस पर अधिकारियों ने प्रश्नपत्रों का मिलान किया। इस प्रक्रिया में परीक्षा अपने तय समय से 15 मिनट की देरी से शुरू हुई।

वहीं, कुछ ग्रामीण क्षेत्रों के केंद्रों पर गणित के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को ब्लैक बोर्ड पर हल कराने का मामला भी सामने आया। बता दें कि प्रदेश भर से करीब 25 लाख विद्यार्थी शामिल हुए। भोपाल जिले से 246 केंद्रों पर करीब 68 हजार विद्यार्थी शामिल हुए।

**पुराने भोपाल के केंद्रों पर देर से पहुंचा प्रश्नपत्र**

इस गफलत के बीच पुराने भोपाल के कुछ केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने से पहले ही जनशिक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र वितरण करने पर रोक लगा दी गई। 15 मिनट की देरी से विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र वितरित किया गया। हालांकि जिला परियोजना समन्वयक ओपी शर्मा का कहना है कि गणित का प्रश्नपत्र वायरल नहीं हुआ है। शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई है।

## युवक की नींद के दौरान मौत

भोपाल (आरएनएस)। एक युवक को सोते-सोते मौत हो गई। वह रात में खाना खाकर सोया था, फिर सुबह उठा ही नहीं। घटना मंगलवार रात की राजधानी के बैरागढ़ क्षेत्र की है।

मृतक का नाम अमित मालवीय था। बुधवार सुबह हमीदिया अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। डॉक्टरों ने परिजन को बताया कि अमित को साइलेंट अटैक आया। पुलिस ने बताया कि मौत के सही कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेंगे। मृतक अमित के बड़े भाई सुनील मालवीय ने बताया कि 'रात को अमित और मैंने साथ में खाना खाया। फिर वह सोने चला गया। सुबह मेरी मां ने भाई अमित को जगाया, लेकिन वह नहीं जागा। अमित को शिवरात्रि पर्व के लिए भगवान शंकर की मूर्ति लेने जाना है। जब वह नहीं जागा तो मेरी मां ने मुझे बोला कि भाई को जगा दो। मेरे जगाने पर भी वह नहीं उठा। जिसके बाद मैं उसे हमीदिया अस्पताल लेकर आया। डॉक्टर ने बताया कि उसे साइलेंट अटैक आया है।'अमित एक बैंक में सफाईकर्मी था। जल्द ही उनकी शादी होने वाली थी। घर में उसकी शादी को लेकर तैयारियां भी चल रही थी। लेकिन अचानक हुई इस घटना ने सभी को गहरे सदमे में डाल दिया है।



अमित के मौत के बाद उसके परिवार और मोहल्ले में मातम का माहौल है। यहां होने वाला शिवरात्रि कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीर विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रखर राष्ट्रभक्त वीर सावरकर का जीवन भारतीय समाज के लिए त्याग और तपस्या की अनोखी मिसाल है। भारत की आजादी के कालखंड में वीर सावरकर ने राष्ट्र चेतना के लिए अपने कालजयी विचारों से 'स्व' के भाव की ज्योत जलाई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर सावरकर को नमन कर करते हुए कहा कि उनके विचार सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहेंगे।

## ब्रह्माकुमारीज संस्था ने आंगनवाड़ी और बस्ती के बच्चों को बांटे दूध-फल

भोपाल (आरएनएस)। संत हिरदाराम नगर स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्था ने महाशिवरात्रि पर एक क्विंटल दूध और 51 किलो फल आंगनवाड़ी केंद्र और गरीब बस्ती के बच्चों को वितरित किए। संस्था की संचालिका बीके प्रीती दीदी और बीके दीप्ति दीदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में शिव संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष रथ भी रवाना किया गया।

यह शिव संदेश रथ बैरागढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। इसमें संत हिरदाराम नगर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, वन ट्री हिल, बैरागढ़ कला शिव मंदिर, मच्छी मार्केट, सीटीओ, दाता कॉलोनी और गांधीनगर के मंदिर शामिल हैं।

कार्यक्रम में बीके मधु बहन, बीके किरण बहन, बीके विना बहन, बीके राजेश भाई, बीके भूपेंद्र भाई, बीके मोहन भाई, बीके विजय भाई और बीके गोपाल भाई सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## बहन, भांजी को लेकर जा रहे छात्र की एक्टिवा को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, छात्र की मौत

भोपाल(ए.)। गोविंदपुरा थाना इलाके में बीती रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। दो पहिया वाहन चला रहा छात्र अपनी बहन और भांजी को लेकर जा रहा था। हादसे में छात्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि बहन और भांजी घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना पुलिस ने बताया की 23 वर्षीय छात्र सचिन गुप्ता पुत्र बाबूलाल गुप्ता मूल रुप से यूपी का रहने वाला था। कुछ दिन पहले ही सचिन अवधपुरी में रहने वाली अपनी बहन से मिलने के लिये आया था। बीती रात निजी काम के चलते वह अपनी बहन और भांजी को एक्टिवा से गया था। रास्ते में महात्मा गांधी स्कूल, भेल के सामने से गुजरते समय उनके वाहन को सामने आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। अचानक हुए हादसे में सचिन को घातक चोटें आई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक्सीडेंट में उसकी बहन और भांजी गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगो से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के थोड़ी देर बाद भांजी को छुट्टी दे दी गई। वहीं बहन की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेज दिया। पुलिस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की जानकारी जुटा रही है।






मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिंबाब्वे सरकार में उद्योग एवं कॉमर्स उपमंत्री एम.के. मोदी को सम्मानित किया।

# बड़वाले महादेव मंदिर में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने पूजन किया



भोपाल (आरएनएस)। महाशिवरात्रि के अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल स्थित बड़वाले महादेव मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक और पूजन किया। चौहान शोभायात्रा में भी शामिल हुए। मंदिर से चल समारोह के रूप में शोभायात्रा निकाली जा रही है, जिसमें धार्मिक झांकियां भी शामिल हैं। साथ ही, डमरू दल भी प्रस्तुति दे रहा है।शिवराज सिंह चौहान के साथ कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, सांसद आलोक शर्मा और महापौर मालती राय भी मौजूद रही। पूजन-अभिषेक के बाद शिवराज सिंह चौहान बोले, अद्भुत हैं भगवान भोले शंकर! दुनिया में जिसे सब ठुकरा दें, उसे भी अपनाते हैं भगवान भोले शंकर। चाहे भूत हो, प्रेत हो, पिशाच हो, देवता हो, मानव हो या साधारण जन,सभी पर उनकी कृपा और आशीर्वाद बरसता है।

## कैबिनेट मंत्री सारंग व महापौर ने किया शिव बारात का शुभारंभ

भोपाल (आरएनएस)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग व महापौर मालती राय ने अशोका गार्डन स्थित दुर्गाधाम मंदिर से शिव बारात का शुभारंभ किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग व महापौर मालती राय ने बुधवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर अशोका गार्डन स्थित दुर्गाधाम मंदिर में आयोजित शिव बारात का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष सूर्यकांत गुप्त सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति के सदस्य व श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

# पुलिस ने 5 बदमाशों को किया गिरफ्तार

दतिया (आरएनएस)। सोमवार रात को पांच कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली पुलिस ने बदमाशों के पास से 5 अवैध देसी कट्टे और जिंदा कारतूस बरामद किए। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कोतवाली थाना प्रभारी धीरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी की और आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सोहरव उर्फ सौरभ खान, प्रिंस परमार, रिंकल उर्फ निरपेंद्र परमार, सक्षम शर्मा और सुमित यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, इन बदमाशों का आपराधिक इतिहास रहा है और इनके खिलाफपहले से ही कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। रिंकल उर्फ निरपेंद्र परमार पर 12 मामले दर्ज हैं। जिसमें हत्या के प्रयास, लूट और बलात्कार जैसे गंभीर अपराध शामिल है। इसपर 5,000 रुपए का इनाम भी घोषित है। सक्षम शर्मा पर अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में 16 मामले दर्ज हैं, जिसमें लूट, हत्या के प्रयास और चोरी शामिल हैं। सोहरव खान पर 4, प्रिंस परमार पर 5 और सुमित यादव पर 2 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## लाश कमरे में पड़ी ह', प्रेमी की हत्या कर थाने पहुंची मेकअप आर्टिस्ट, युवती की बात सुन सन्न रह गई पुलिस

इंदौर 26 फरवरी (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के इंदौर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां पर एक युवती ने अपने ही प्रेमी की गला दबाकर हत्या कर दी और खुद थाने पहुंचकर अपने आप को सरेंडर कर दिया। इधर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया, वहीं मामले की जांच में जुट गई है।

-मूल रूप से सागर का रहने वाला था मृतक

एसीपी हेमंत धुर्वे ने बताया कि भवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित पिपलिया पाला के नजदीक बने हुए एक रूम में एक युवक का शव मिला है। जिसका नाम संस्कार है और वह मूल रूप से सागर का रहने वाला है। मृतक युवक सवारी वाहन चलाता था, लेकिन चौंकाने वाला मामला यह है कि कुछ देर पहले एक युवती थाने पर पहुंची और उसने बताया कि उसने एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दी है। ऐसा सुनते ही पुलिस के होश उड़ गए। पुलिस युवती को तत्काल घटनास्थल लेकर पहुंची और शव को बरामद किया।

-युवती मेकअप आर्टिस्ट करती है काम

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि संस्कार सवारी वाहन चलाने का काम करता है। जो मूल रूप से सागर का रहने वाला है। जबकि युवती मेकअप आर्टिस्ट है और तेजाजी नगर की रहने वाली है। दोनों के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ था, इसे लेकर अब पुलिस जांच कर रही है। फ्लिहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और युवती से तमाम पहलुओं पर पूछताछ शुरू कर दी है।

# संयुक्त दल बनाकर मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए : कलेक्टर

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

शिवपुरी (ए.)। शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त रहे और दुर्घटनाएं कम हो। इसके लिए किए जाने वाले प्रयासों को लेकर सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों की भूमिका है।कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने बैठक में संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए हैं कि ग्वालियर फोरलेन हाईवे और कठमई रोड पर अतिक्रमण कर बने ढाबों को हटाने की कार्यवाही की जाए। इसके अलावा नेशनल हाईवे पर अनावश्यक कट पॉइंट बना लिए गए हैं, उन्हें बंद किया जाए। सड़क मरम्मत के दौरान डायवर्सन पॉइंट पर आवश्यक साइन बोर्ड और चेतावनी सूचक बोर्ड लगाए जाएं। हाईवे से कनेक्ट होने वाले रोड पर स्पीड ब्रेकर और गति सीमा चेतावनी बोर्ड होना चाहिए। नेशनल हाईवे पर आबादी वाले एरिया में लाइट की व्यवस्था रहे जिससे दुर्घटनाएं कम होगी। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग द्वारा भी शहर एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में रोड मार्किंग और साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। अभी बस स्टैंड के जीर्णोद्धार का काम किया जा रहा है। बस स्टैंड पर नगर पालिका द्वारा किए जा रहे काम की समीक्षा



करते हुए कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने कहा कि बस स्टैंड पर छ् टर्मिनल है जहां अलग-अलग रूट पर जाने वाली बसें रुकेगी। बस स्टैंड पर लाइन मार्किंग कराएं। बस स्टैंड पर दिए गए निर्देशानुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं, जिससे जल्द बस स्टैंड को संचालित किया जा सके। इसके अलावा हाथ ठेले वाले जो शहर में जगह-जगह ठेले लगते हैं जिसके कारण कई बार यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। शहर में नगर पालिका के हॉकर्स जोन बनाए गए हैं। हाथ ठेले वालों को हॉकर्स जोन में शिफ्ट कराएं। थीम रोड पर बढ़ते अतिक्रमण के संबंध में चर्चा करते हुए थीम रोड और सर्कुलर रोड पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका और पुलिस की टीम द्वारा संयुक्त दल बनाकर अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए।

इसके अलावा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा अभी शहर में सीवर लाइन का काम चल रहा है। काम तेजी से हो और जहां काम किया जा रहा है वहां सूचना बोर्ड या बेरिकेड्स लगाए जाए, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो। सीवर लाइन के चेंबर को खुला न छोड़ें। परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों की चेकिंग की जा रही है यह कार्रवाई लगातार जारी रहना चाहिए। इसके अलावा वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण भी कराया जाए। सड़क पर अक्सर बाइक चलाते समय लोग मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं, जिसके कारण कई बार एक्सीडेंट होते हैं। इसे रोकने के लिए शिवपुरी यातायात टीम द्वारा अभियान चलाया जाए।

## कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी ने खजुराहो में लगी पेंटिंग्स प्रदर्शनी को सराहा

छतरपुर (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल खजुराहो में अंतरराष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी के चतुर्थ दिवस महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय,छतरपुर की कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी ने चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शनी में लगाई गई खूबसूरत और कलात्मक पेंटिंग्स की भूरी भूरी सराहना की। मीडिया समिति के एन के पटेल के मुताबिक इस अवसर पर कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी का प्रदर्शनी के आयोजकों ने शाल श्री फ्ल से आत्मीय सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।साथ ही पद्मश्री से सम्मानित शांति देवी जी का सम्मान ,महाराजा महाविद्यालय की प्रो. स्व.मधु श्रीवास्तव के पति दिनेश श्रीवास्तव जी का सम्मान,महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रो.एस के छारी,प्रदर्शनी के आयोजक वरुण रावत, ख्याति अग्रवाल के द्वारा किया गया द्य इस अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का अवलोकन करने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से लोग आ रहे हैं।खजुराहो नृत्य महोत्सव के साथ-साथ यह प्रदर्शनी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है द्य सभी ने विश्व विख्यात चित्रकारों की बनाई हुई कृतियों को देखकर सराहना की।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग करते पाये जाने पर 77 हजार रुपये के कुल 32 गैस सिलेंडर किये जप्त



गुना (आरएनएस)। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में जनसामान्य को घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता एवं दुरूपयोग रोकने के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत गुना शहर के 05 अवैध रिफिलिंग व 04 होटल हलवाई/ डेयरी कुल 09 प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक जांच करने पर 32 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए गए। गुना शहरी क्षेत्र में खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध रिफिलिंग की दुकानें विनोद कुशवाह बांसखेडी से 03 सिलेंडर, राजकुमार पंत बांसखेडी से 06 सिलेंडर, गायत्री राजपूत लक्ष्मीगंज से 01 सिलेंडर, नरेन्द जैन बीजी रोड से 11 सिलेंडर, रिंकू पवार निचला बाजार से 01 सिलेंडर सहित कुल 27 घरेलू गैस सिलेंडरों के साथ 04 रिफिलर 01 तौल कांटा जप्त किये गये। इसके अतिरिक्त होटल हलवाई एवं डेयरी की दुकानें महेश डेयरी कैंट रोड से 02 सिलेंडर, राजेश अवस्थी हाट रोड से 01 सिलेंडर, राकेश जैन जैन भोजनालय से 01 सिलेंडर, राकेश शर्मा हाट रोड से 01 सिलेंडर इस प्रकार कुल 05 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये गये। इन सभी प्रतिष्ठानों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं विनियमन आदेश 2005 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर दर्ज किए गये जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है।

## अफीम तस्करी के मामले में 11 गिरफ्तार

बैतूल (आरएनएस)। जिले में अफीम की खेती और तस्करी के मामले में पुलिस ने बीते 15 दिनों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, मुख्य आरोपियों के फरार होने के कारण पुलिस अभी तक इस रैकेट का पर्दाफाश नहीं कर पाई है। ताजा गिरफ्तारी में पुलिस ने मंदसौर के राकेश उर्फ रंगीला को पकड़ा है, जो अफीम और डोडा की तस्करी में शामिल था।सोमवार को पाथाखेड़ा के गुणवंत बाबा मंदिर के पास से चोपना निवासी अजय बरई को दो किलो डोडा के साथ गिरफ्तार किया गया था। रंगीला, अजय का साथी है। पुलिस इस पूरे अफीम कांड में अब तक 11 गिरफ्तारियां कर चुकी है। पुलिस का मानना है कि रंगीला अफीम तस्करी की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसके जरिए वे इस गोरखधंधे के सरगना तक पहुंच सकते हैं। हालांकि, मंगलवार को पुलिस ने रंगीला को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। संभावना है कि पुलिस इस मामले में चकवान, रंगीला और एक महिला का पुलिस रिमांड लेकर महाशिवरात्रि के बाद पूछताछ करेगी।



## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रृंगेश्वर महादेव का अभिषेक कर आरती में हुए सम्मिलित

झाबुआ (ए.)। झाबुआ जिले के प्राचीन धाम एवं माही नदी एवं मधु कन्या नदी के संगम स्थल पर अवस्थित श्रृंगेश्वर महादेव धाम पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल ने श्रृंगेश्वर महादेव का अभिषेक कर महाआरती में सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने समस्त जिलेवासियों की सुख शांति के लिए भगवान शिव से आराधना की। इसी के साथ माही नदी व मधुकन्या के समागम स्थल पर विराजमान प्राचीन शिवलिंग के भी कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल के साथ पेटलावद एसडीएम तनुश्री मीणा ने दर्शन कर माही नदी घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान पर तहसीलदार , नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# व्यापार समाचार

## 11 रुपये में विदेश जाने का मौका! होली पर इस देश की एयरलाइन ने पेश किया शानदार ऑफर

नई दिल्ली (आरएनएस)। वियतनाम की वियतजेट एयरलाइन ने भारतीयों के लिए होली सेल का शानदार ऑफर पेश किया है। इस ऑफर के तहत भारतीय यात्रियों के लिए वन-वे इकोनॉमी क्लास का किराया महज 11 रुपये से शुरू हो रहा है। बता दें कि यह ऑफर लिमिटेड टाइम पीरियड के लिए उपलब्ध है। इसके तहत आप 28 फरवरी 2025 तक टिकट बुक करा सकेंगे। इस ऑफर के तहत 10 मार्च से 30 सितंबर 2025 के बीच यात्रा कर सकेंगे। यह ऑफर भारत से वियतनाम के सभी रूट पर लागू होगा। हालांकि, सेल में ऑफर किये जा रहे किराये की राशि के अलावा टैक्स और एयर पोर्ट का अन्य शुल्क देना होगा। वियतजेट एयरलाइन के खास ऑफर के तहत भारतीय यात्री नई दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, कोच्चि, हैदराबाद और बेंगलुरु से वियतनाम के प्रमुख शहरों हनोई, हो ची मिन्ह सिटी और डा नांग के लिए फ्लाइट ले सकते हैं। टिकट बुकिंग वियतजेट की ऑफिशियल वेबसाइट (www.vietjetair.com) और वियतजेट एयर मोबाइल ऐप के जरिये की जा सकती है। वियतजेट एयरलाइन भारत और वियतनाम के बीच सबसे ज्यादा फ्लाइट वाली एयरलाइन बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मार्च 2025 में वियतजेट बेंगलुरु और हैदराबाद से हो ची मिन्ह सिटी को जोड़ने वाली दो नई सीधी फ्लाइट शुरू करने जा रही है। इसके साथ भारत-वियतनाम के बीच इसके नेटवर्क में कुल 10 रूट हो जाएंगे और हर हफ्ते 78 फ्लाइट संचालित की जाएंगी। होली के इस जश्न को खास बनाने के लिए वियतजेट यात्रियों को फ्लाइट के दौरान खास मनोरंजन, फेस्टिव गिफ्ट और 10,000 मीटर की ऊंचाई पर अनोखे सरप्राइज देने का प्लान कर रहा है।

## ईपीएफओ से दिसंबर में जुड़े 16.05 लाख सदस्य, युवाओं की संख्या बढ़ी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से दिसंबर में 16.05 लाख सदस्य जुड़े हैं। इसमें मासिक आधार पर 9.69 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को दी गई। दिसंबर के प्रोविजनल पेरोल डेटा के विश्लेषण से जानकारी मिलती है कि सालाना आधार पर दिसंबर 2023 के मुकाबले दिसंबर 2024 में पेरोल में 2.74 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह दिखाता है कि देश में रोजगार के अवसर में लगातार इजाफा हो रहा है। ईपीएफओ में दिसंबर 2024 में लगभग 8.47 लाख नए सब्सक्राइबर्स शामिल हुए। यह पिछले वर्ष की तुलना में 0.73 प्रतिशत की सालाना वृद्धि को दर्शाता है। नए सब्सक्राइबर्स में इस उछाल का श्रेय रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल आउटरीच कार्यक्रमों को दिया जा सकता है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के अनुसार, डेटा का एक मजबूत पहलू यह है कि18-25 आयु वर्ग के सदस्यों की हिस्सेदारी कुल जोड़े गए सदस्यों में अधिक रही है।दिसंबर में 18-25 आयु वर्ग के 4.85 लाख नए सब्सक्राइबर्स जुड़े हैं, जो दिसंबर 2024 में जोड़े गए कुल नए सब्सक्राइबर्स का 57.29 प्रतिशत है।18-25 आयु वर्ग के नए सब्सक्राइबर्स की संख्या में नवंबर की तुलना में 0.91 प्रतिशत और दिसंबर 2023 की तुलना में 0.92 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। लिंग आधारित पेरोल डेटा के विश्लेषण के मुताबिक, समीक्षा अवधि में जुड़े कुल सब्सक्राइबर्स में से 2.22 लाख महिला थी। दिसंबर 2024 में लगभग 15.12 लाख सदस्य बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए। यह आंकड़ा पिछले महीने नवंबर की तुलना में 5.10 प्रतिशत अधिक है। यह दिसंबर 2023 की तुलना में 25.76 प्रतिशत की सालाना वृद्धि को भी दर्शाता है। राज्य-वार विश्लेषण से पता चला कि शीर्ष पांच राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की शुद्ध पेरोल वृद्धि में लगभग 59.84 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। आंकड़ों से पता चलता है कि माह के दौरान शुद्ध पेरोल में 21.71 प्रतिशत जोड़कर महाराष्ट्र सबसे आगे रहा।

## किसान क्रेडिट कार्ड की राशि 10 लाख करोड़ रुपये के पार, 7.72 करोड़ किसानों को मिला लाभ

नई दिल्ली (आरएनएस)। लेटेस्ट सरकारी आंकड़ों के अनुसार, ऑपरेटिव किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खातों के तहत आने वाली राशि मार्च 2014 में 4.26 लाख करोड़ रुपये से दोगुनी से अधिक होकर दिसंबर 2024 में 10.05 लाख करोड़ रुपये हो गई है।यह कृषि में ऋण उपलब्धता और गैर-संस्थागत ऋण पर निर्भरता में कमी को दर्शाता है। ऑपरेटिव केसीसी के तहत 31 दिसंबर तक कुल 10.05 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं, जिससे 7.72 करोड़ किसानों को लाभ हुआ है।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों के लिए किसानों को दिए जाने वाले किफायती कार्यशील पूंजी ऋण की मात्रा में शानदार वृद्धि को दर्शाता है। केसीसी एक बैंकिंग प्रोडक्ट है जो किसानों को बीज, उर्वरक और कीटनाशकों जैसे कृषि इनपुट खरीदने के साथ-साथ फसल उत्पादन और संबंधित गतिविधियों से नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए समय पर और




किफायती ऋण प्रदान करता है।

केसीसी योजना को वर्ष 2019 में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन जैसी संबंधित गतिविधियों की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को कवर करने के लिए विस्तारित किया गया था। संशोधित ब्याज अनुदान योजना (एमआईएसएस) के तहत, 7 प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर पर 3 लाख रुपये तक के केसीसी के जरिए अल्पकालिक कृषि ऋण प्रदान करने के लिए बैंकों को 1.5 प्रतिशत की ब्याज सहायता प्रदान करती है। मंत्रालय के अनुसार, ऋण के समय पर पुनर्भुगतान पर किसानों को 3 प्रतिशत का अतिरिक्त शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है, जो प्रभावी रूप से किसानों के लिए ब्याज दर को घटाकर 4 प्रतिशत कर देता है।

मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि 2 लाख रुपये तक के ऋण को बिना किसी जमानत के उपलब्ध करवाया जाता है, जिससे छोटे और मार्जिनल किसानों के लिए ऋण तक परेशानी मुक्त पहुंच सुनिश्चित होती है। केंद्रीय बजट 2025-26 में संशोधित ब्याज अनुदान योजना के तहत ऋण सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की घोषणा की गई है, जिससे किसानों को और अधिक लाभ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत किसानों के लिए बढ़े सरकारी समर्थन को दर्शाते हुए, 2025-26 के बजट में कृषि के लिए आवंटन में 2013-14 के 21,933.50 करोड़ रुपये से छह गुना वृद्धि कर इसे 1,27,290 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

## पेट्रोल में 20% से ज्यादा इथेनॉल मिलाने पर विचार कर रहा भारत

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार आने वाले समय में पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 प्रतिशत से अधिक करने पर विचार कर रही है। इसके लिए नीति आयोग के तहत एक समिति का गठन किया गया है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप एस पुरी ने बुधवार को इस बात की जानकारी दी। खबर के मुताबिक, पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि 19.6 प्रतिशत मिश्रण पहले ही हासिल किया जा चुका है। गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 बिजनेस समिट में बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम जैव ईंधन में 20 प्रतिशत से अधिक मिश्रण करने पर विचार कर रहे हैं।

**देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण की क्षमता**

खबर के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने 2026 तक 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 प्रतिशत हासिल कर चुके हैं। मुझे यकीन है कि हम अगले महीने 20 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे। पुरी ने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण की क्षमता है और पहले ही 1,500 करोड़ लीटर का उपयोग किया जा रहा है। भारत द्वारा विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने के साथ, उन्होंने कहा कि एक क्षेत्र जहां ध्यान की कमी है, वह है ग्रीन हाइड्रोजन। मंत्री ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन की कीमत वर्तमान में 4.5 अमेरिकी डॉलर है। यदि आप इसे 2.5 अमेरिकी डॉलर के करीब ला सकते हैं, तो एक क्रांति होगी।

## महंगाई भत्ते में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी, इस राज्य के सरकारी कर्मचारियों को मिला होली का तोहफा

नई दिल्ली (आरएनएस)। होली से ठीक पहले सरकारी कर्मचारियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 5वें वेतन आयोग के अपरिवर्तित वेतनमान के तहत 12 प्रतिशत का इजाफा किया, जो 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी है। सरकारी प्रस्ताव (जीआर) के अनुसार, डीए को 443 प्रतिशत से संशोधित कर 455 प्रतिशत किया गया है। इसका भुगतान फरवरी, 2025 की सैलरी के साथ नकद में किया जाएगा। इसमें 1 जुलाई, 2024 से 31 जनवरी, 2025 तक का बकाया भी शामिल है। राज्य वित्त विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि डीए बढ़ोतरी से करीब 17 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। आदेश में कहा गया है कि संशोधित महंगाई भत्ते पर होने वाले खर्च को सरकारी कर्मचारियों के लिए संबंधित वेतन और भत्ते के मद में आवंटित बजटीय प्रावधानों से पूरा किया जाएगा। अनुदान प्राप्त संस्थाओं और जिला परिषद कर्मचारियों के लिए व्यय को उनकी वित्तीय सहायता के लिए निर्दिष्ट उप-शीर्षों के अंतर्गत दर्ज किया जाएगा। बताते चलें कि राज्य के सरकारी कर्मचारियों बीते काफी समय से महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे। कर्मचारियों की मांग और मौजूदा महंगाई को देखते हुए सरकार ने भत्ते में बढ़ोतरी पर विचार किया और आखिर में सीधे 12 प्रतिशत डीए बढ़ाने का ऐलान कर दिया। राज्य के लाखों सरकारी कर्मचारियों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कॉपर पर संभावित शुल्क की जांच के दिए आदेश

वाशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कॉपर के आयात से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को लेकर संबंधित खतरे की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कार्यकारी आदेश के तहत एयरक्राफ्ट, वाहन, जहाज और दूसरे मिलिट्री हार्डवेयर बनाने में इस्तेमाल होने वाले मेटल पर नए शुल्क लगाए जा सकते हैं।

ट्रंप ने वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक को 1962 के व्यापार विस्तार अधिनियम की धारा 232 के तहत जांच करने का निर्देश दिया। जिसके अनुसार अगर कोई आयात संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करता है तो राष्ट्रपति को आयात प्रतिबंध लगाने की अनुमति है।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब ट्रंप अमेरिका के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने, अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने और दूसरे नीतिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शुल्क का उपयोग कर रहे हैं।

व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट में कहा, इस आयातित कॉपर से संयुक्त राज्य अमेरिका पर पड़ने वाले संभावित खतरे को लेकर जांच की जाएगी। इसका एक उद्देश्य घरेलू उद्योगों की सुरक्षा को लेकर किए जा



रहे उपायों की जरूरत का आकलन करना भी होगा।

इसमें कहा गया है, जांच के बाद एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसमें कॉपर की सप्लाई चेन में कमजोरियों की पहचान की जाएगी और अमेरिका की घरेलू कॉपर इंडस्ट्री को और मजबूत करने को लेकर सिफारिशें दी जाएंगी।एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के स्टील और एल्युमीनियम इंडस्ट्री की तरह, कॉपर इंडस्ट्री भी हमारे घरेलू उत्पादन पर हमला करने वाले ग्लोबल एक्टर्स द्वारा तबाह कर दी गई है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा, हमारी कॉपर इंडस्ट्री को फिर से खड़ा करने के लिए, मैंने अपने वाणिज्य सचिव और यूएसटीआर से कॉपर के आयात की स्टडी करने और अमेरिकियों को बेरोजगार करने वाले अनुचित व्यापार को समाप्त करने का अनुरोध किया है। टैरिफ हमारे अमेरिकी कॉपर इंडस्ट्री को फिर से खड़ा करने और हमारी राष्ट्रीय रक्षा को मजबूत करने में मदद करेंगे। यूएसटीआर अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि का संक्षिप्त नाम है।

उन्होंने आगे कहा, अमेरिकी उद्योग कॉपर पर निर्भर हैं और इसे अमेरिका में ही बनाया जाना चाहिए -- कोई छूट नहीं, कोई अपवाद नहीं! अमेरिका फर्स्ट अमेरिकी नौकरियों का सृजन करता है और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करता है। कॉपर के कम होम का समय आ गया है।कानून के अनुसार, वाणिज्य सचिव के पास कॉपर के मुद्दे के संबंध में अपने विभाग के निष्कर्षों और सिफारिशों को राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए 270 दिन हैं।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## ट्रंप द्वारा रूस के साथ अस्थाई रिश्ते बनाने की पहल

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद वैश्विक स्तर पर नई शक्ति समीकरण बन रहे हैं। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिका और रूस के राजनीतिकों के बीच हुई वार्ता दो पूर्व शत्रु देश के दरम्यान मित्रता की नई शुरु आत के संकेत हैं। 2022 में रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पहली बार अमेरिका और रूस वार्ता की मेज पर आमने-सामने आए हैं। रूस के विदेश मंत्री सग्रेई लावरोव और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियों ने अपने-अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। वार्ता मुख्यत: दो बिंदुओं पर केंद्रित रही। एक, रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्ति की दिशा में आगे कैसे बढ़ा जाए और दूसरे, अमेरिका और उसके बीच आर्थिक सहयोग के रास्ते तलाश जाएं। वार्ता में किसी तरह का प्रतिरोध पैदा नहीं हुआ और दोनों मुद्धों पर परस्पर सहमति के साथ आगे बढने् का संकेत भी मिला। आने वाले दिनों में अमेरिका और रूस के शीर्ष नेतृत्व के बीच मुलाकात की संभावना जताई जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप का रूस के संबंध में उठाया गया यह कदम अमेरिका की पुरानी नीति से एकदम अलग है। कदम भलाई से अलग परंतु अमेरिका ने कभी किसी भी देश से बिला मतलब कोई बात नहीं की यह इतिहास बताता है कभी किसी से दोस्ती नहीं निभाई जब तक कोई स्वार्थ सिद्ध न हो रहा हो।

ट्रंप के पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन का रणनीतिक लक्ष्य था कि रूस को सैनिक दृष्टि से कमजोर किया जाए। यह याद रखना चाहिए कि बाइडेन ने पुतिन को हत्यारा तानाशाह' कहा था और उसके खिलाफ यूक्रेन को भारी सैन्य और वित्तीय मदद पहुंचाई थी। अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। ट्रंप प्रशासन युद्ध के लिए यूक्रेन को दोषी ठहरा रहा है और उसे सुरक्षा गारंटी देने से भी इनकार कर दिया है। हैरत की बात यह है कि यूक्रेन को वार्ता की मेज पर बैठने की भी जगह नहीं दी गई है।वास्तव में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की खुलकर ट्रंप का विरोध करने की स्थिति में नहीं है। हालांकि वह पर्दे के पीछे अमेरिका के खिलाफ यूरोपीय देशों की लामबंदी का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिका के दबाव में यदि युद्ध विराम होता है तो यूक्रेन का करीब एक तिहाई हिस्सा रूस के अधिकार में होगा। यह यूक्रेन के लिए घाटे का सौदा होगा। दरअसल, ट्रंप द्वारा रूस के साथ अस्थाई रिश्ते बनाने की पहल। सोवियत संघ के विघटन के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है।ट्रंप रूस को प्रतिद्वंद्वी के रूप में नहीं देखते। लेकिन अमेरिकी राजनीतिक हेनरी किसिंजर का यह चर्चित कथन था कि अमेरिका के साथ दुश्मनी करना खतरनाक है, लेकिन दोस्ती करना जानलेवा है'।



प्रयागराज में महा शिवरात्रि के अवसर पर भक्तों ने मनकामेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक किया और प्रसाद चढ़ाया।

# लोकतंत्र बनाम जिम्मेदार सरकार- भारतीय नागरिक

**- विजय कुमार तिवारी**

प्रयागराज महाकुम्भ में हुई अव्यवस्था और भगदड़ पर सोशल मीडिया पर एक भक्त ने पोस्ट लिखा की सरकार के बेहतरीन इंतजाम के बावजूद ट्रेनों में तोड-फोड और जगह-जगह गंदगी को देखते हुए, लगता है भारत के नागरिक लोकतंत्र के लिए तैयार नहीं हैं! अब इन सज्जन को क्या कहें कि आज के भारत को जिस प्रकार का राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचा मिला है, वह हमारे पूर्वजों की देन नहीं है, बल्कि ब्रिटिश या अंग्रेजों की विरासत है। कुछ अति उत्साही मौजूदा लोकतंत्र को सम्राट अशोक के नगर गणतंत्र की विरासत मानेंगे! वे पूरी तरह गलत नहीं हैं, परंतु सही भी नहीं हैं। ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा देशी रियासतों को परास्त करने के बाद शोषण और अत्याचार की परिणिती ही 1857 का विद्रोह का जनक था। जिसके बाद ब्रिटिश शासक ने भारत की प्रशासनिक और राजनीतिक बागडोर अपने हाथों मे ले ली। 1858 में विक्टोरिया चार्टर द्वारा भारत के उन प्रांतों को जहां कंपनी बहादुर सीधे लगान वसूलती थी और उन रियासतों का प्रबंध सीधे ब्रिटिश संसद के माध्यम से महारानी की सरकार ने अपने हाथों में ले लिया। 1861 में भारत में ब्रिटेन की सरकार की ओर से भारत के लिए वायसरॉय की नियुक्ति की गई, जिसकी मदद के लिए पाँच सदस्यीय कौंसिल बनाई गई, जो महारानी के मंत्रिमंडल के, भारत के सचिव के अधीन थी। एक जिम्मेदार शासन व्यवस्था के लिए भारतीय सिविल सेवा का गठन किया गया। जो आज के मौजूदा आईएएस के पुरखे थे। वायसरॉय की मदद के लिए पाँच सदस्यीय काउंसिल का गठन हुआ, जो गृह, सेना, कानून, वित्त और राजस्व मामलों के लिए जिम्मेदार थी। इसमें वैसे तो अंग्रेज ही सदस्य होते थे परंतु भारतीयों के लिए भी एक जगह थी।1905 में ब्रिटिश संसद ने भारत के लिए एक जनोन्मुखी' प्रशासन देने की पहल करते हुए 1909 में सीमित मताधिकार द्वारा धर्म आधारित निर्वाचन क्षेत्र बनाए। जिनको वायसरॉय को सलाह देने के लिए एक काउंसिल के लिए चुना जाता था। इसमें हिन्दू और मुसलमान लोगों के लिए अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्र थे। 1919 में सिखों के लिए भी प्रथक निर्वाचन क्षेत्र गठित किए गए। ऐसा भारत के आम लोगों में ब्रिटिश शासन के प्रति सद-भावना उत्पन्न करने का प्रयास था। एक विदेशी कौम द्वरा भारत को प्रशासनिक ढांचे मे बांधने का शायद यह प्रथम प्रयास था। 1919 के अधिनियम द्वारा केंद्र में दो सदन का गठन किया गया, जिसमे तत्कालीन नरेंद्र मण्डल यानि की खुद मुख्तार देशी राजाओ की ओर से प्रतिनिधि नामित होते थे। दूसरे सदन में नरेश मण्डल अर्थात बड़े-बड़े महराज बहादुर और राजा बहादुर, जो कि वास्तव में इलाकों से किसानों से मालगुजारी-लगान वसूलते थे। ब्रिटिश शासित इलाकों में दो प्रथा थी। एक में इलाके की पैदावार के हिसाब से सरकार नियत राशि का भू राजस्व तय करती थी, फिर उसको वसूलने का अधिकार किसी देशी सेठ साहूकार या जमींदार को मिलता था। जिसकी जिम्मेदारी उस राजस्व को खजाने में पहुंचने की थी। कुछ इलाकों में जहां अंग्रेज भी जमीन लेकर फसल उगाते थे, वहां किसानों को जमीन के रकबे के हिसाब से मालगुजारी नियत की जाती थी। इस प्रथा में किसान सीधे खजाने में लगान जमा करता था। अवध में दोनों प्रथा थी। चूंकि उस समय शासन का मुख्य आय का श्रोत लगान या मालगुजारी ही हुआ करता था, इसलिए जिलों मे सर्वोच्च अधिकारी को कलेक्टर' नाम दिया गया। जिसे आज हम डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट कहते हैं। जिम्मेदार प्रशासन की दिशा में यह पहला कदम था, जिसमे कोई भी नागरिक अपनी शिकायत कलेक्टर साहब से सीधे कर सकता था, जो उसकी जांच करता था। आज तो आम आदमी सिर्फ मुख्य मंत्री या प्रधान मंत्री से ही शिकायत कर सकता है। हालांकि कलेक्टर साहेबान भी जन सुनवाई करते तो हैं। यह भी ब्रिटिश सीस्टम से ही आया हैं।

# ग्रामीण परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन

**डॉ. जयंती लाल भंडारी**

इन दिनों ग्रामीण भारत में परिवर्तन और किसानों के बदलते जीवन विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न अध्ययन रिपोटरे में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि भारत के ग्रामीण परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है और इससे किसानों की आमदनी के साथ किसानों का जीवन स्तर भी बढ़ रहा है, लेकिन विकास की बहुआयामी चुनौतियां अभी बनी हुई हैं।

हाल में प्रकाशित मैकिन्से ग्लोबल फॉर्मर्स इनसाइट सर्वे, 2024 में कहा गया है कि भारतीय किसान तेजी से डिजिटल पेमेंट को अपना रहे हैं। वर्ष 2024 भारत में 40 फीसद किसान द्वारा रु पयों का भुगतान डिजिटल माध्यम से किया गया है, वहीं 2022 में 11 फीसद किसान डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल कर रहे थे। किसानों के बीच डिजिटल भुगतान का चलन बढ़ने का कारण सस्ता डाटा और यूपीआई सेवा को माना गया है। रिपोर्ट के अनुसार 2022 में देश में फसल बीमा का इस्तेमाल करने वाले महज 8 फीसद किसान थे, वे 2024 में बढ़ कर 37 फीसद हो गए। इसमें सबसे अधिक योगदान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का है। यह भी पाया गया है कि 11 फीसद किसान 2024 में जैविक उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे थे जबकि 2022 में 2 फीसद किसान ही जैविक उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे थे।


इस रिपोर्ट का यह निष्कर्ष भी महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय किसान औपचारिक ऋ्रण की ओर बढ़ रहे हैं। 2024 में 36 फीसद किसानों ने बैंक से कर्ज लिया जो 2022 में केवल 9 फीसद था। वहीं, 26 फीसद किसानों ने सब्सिडी वाले सरकारी ऋ्रण का उपयोग किया जबकि 2022 में यह आंकड़ा सिर्फ 1 फीसद था। रिपोर्ट ने यह भी बताया कि भारत के 53 फीसद किसान फसल चक्रीकरण जैसे टिकाऊ खेती के तरीकों को अपनाने के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं। सरकार इस दिशा में कई तरह से सहायता प्रदान कर रही है जैसे कि लागत में छूट, कार्बन क्रेडिट से आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन आदि। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि मार्च, 2024 तक भारत में 95.44 करोड़ इंटरनेट ग्राहक थे। इनमें से 39.83 करोड़ ग्रामीण इंटरनेट ग्राहक थे। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रिसर्च द्वारा जारी रिपोर्ट भी महत्त्वपूर्ण है। इसमें कहा गया है कि मुख्य रूप से गरीबों को सीधे, लाभान्वित करने



वाले सरकारी सहायता कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभावों और विकास के कारण गरीबी में कमी आई है। गरीबी में कमी शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से हुई है। जहां 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 फीसद और शहरी गरीबी 13.7 फीसद थी, वहीं 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घट कर 4.86 फीसद और शहरी गरीबी घट कर 4.09 फीसद पर आ गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 14 साल में आमदनी बढ़ने से जहां शहरों में हर माह प्रति व्यक्ति उपभोक्ता खर्च (एमपीसीई) 3.5 गुना हो गया, वहीं यह ग्रामीण इलाकों में करीब चार गुना हो गया है। 2009-10 से 2023-24 के बीच शहरी इलाकों में एमपीसीई 1984 रु पये से बढ़ कर 6996 रु पये और ग्रामीण इलाकों में यह खर्च 1054 रु पये से बढ़ कर 4122 रु पये हो गया। ऐसे में शहरों की तुलना में गांवों की ग्रोथ ज्यादा है। निस्संदेह ग्रामीण एवं कृषि विकास के विभिन्न अभियानों के कारण देश में ग्रामीण गरीबी में तेजी से कमी आ रही है। यह पिछले वर्ष 2024 में घट कर पांच फीसद से भी कम रह गई है। ग्रामीणों की आमदनी और क्रयशक्ति भी बढ़ी हैं। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि डिजिटल इंडिया, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ ईधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना जैसे अभियानों से भी ग्रामीण भारत में गरीबी में कमी आ रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत 80 करोड़ से अधिक गरीब वर्ग के लोगों को मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने ग्रामीण भारत में भी गरीबी को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। निश्चित ही ग्रामीण भारत में सकारात्मक परिवर्तन, कृषि व ग्रामीण विकास तथा किसानों की आमदनी बढ़ाने के मद्देनजर बजट 2025-26 आशा की एक और किरण लेकर आया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के लिए इस बार बजट 2025-26 में 1,88,754 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण का बजट आवंटन 1.71 लाख करोड़ रु पये किया गया है जो पिछले वर्ष के बजट की तुलना में 11 फीसद अधिक है। केंद्रित कार्यक्रमों और निवेशों के माध्यम से ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाने बढ़ाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन, भारतनेट परियोजना जैसी प्रमुख पहलों की रूपरेखा तैयार की गई है।

ये सभी बजट व्यवस्थाएं ग्रामीण विकास और किसानों का जीवन स्तर बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे सकेंगी लेकिन हमें ग्रामीण भारत के विकास और किसानों की प्रगति के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। देश के 95 फीसद किसान अभी भी आधुनिक खेती की तकनीक नहीं अपना रहे। इसका कारण सेटअप में लगने वाला समय, ज्यादा लागत, निवेश पर रिटर्न को लेकर अस्पष्टता जैसे कारक हैं। हमें इस तथ्य पर भी ध्यान देना होगा कि भारतीय किसान ऑनलाइन खरीदारी में दुनिया में बहुत पीछे हैं। करीब 42 फीसद किसानों का कहना है कि उन्हें ऑनलाइन विक्रेताओं से पर्याप्त ग्राहक सेवा और लचीले भुगतान का विकल्प नहीं मिलता। देश में प्रत्येक किसान परिवार औसतन 74,121 रु पये के कर्ज तले दबा हुआ है।

हम उम्मीद करें कि सरकार खास तौर से ग्रामीण गरीबी का सामना कर रहे परिवारों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और डिजिटल कौशल से सुसज्जित करके रोजगार से सशक्तिकरण का रणनीतिक अभियान आगे बढ़ाएगी। हम उम्मीद करें कि सरकार विकसित भारत 2047 के लिए आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के परिप्रेक्ष्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और सशक्त बनाने की डगर पर आगे बढ़ेगी, इससे भी ग्रामीणों की आमदनी में तेजी से वृद्धि होगी तथा इससे किसानों को मुस्कुराहट देने का एक और नया अध्याय लिखा जा सकेगा।




मेष राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप परिवारवालों के साथ समय बिताने की पूरी कोशिश करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। छोटे बच्चों को बड़ा सरप्राइज भी मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद के लिए आगे आ सकते हैं।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से संबंधित हो सकती है। आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी ट्रेडिशनल चीज के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। बच्चे किसी ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज आप किसी बचपन के दोस्त से मिलेंगे, कुछ पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आयेगा। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, कॉलेज प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफल होंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आप अपने काम में पूरा आनंद लेंगे। आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको काफी अच्छा लगेगा। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। करीबी रिश्तेदार आपको अच्छी खबर देगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी किसी कविता की प्रशंसा हो सकती है। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा। आपको किसी काम में पड़ोसियों का सहयोग मिलेगा।

सिंह राशि: आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जा सकता है, जो आपको बहुत अच्छा लगेगा। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढ़ने के योग बने हुए हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। अपनों की मदद के लिए आप हमेशा तैयार रहेंगे। बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिलेंगे।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। पहले किए गए किसी काम से आज अच्छा मुनाफा होगा। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर करने जाने का प्लान बनाएंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे, जहां उनका प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम समय पर पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचार आज लोगों को प्रभावित करेगा, लोग आपसे जुड़ेंगे। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव करेंगे। अपने कठिन विषयों को समझने के लिए किसी की मदद ले सकते हैं।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन जीवन में किसी नई खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी से आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तें और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आज आप मजबूत रहेंगे। इंजीनियर्स को किसी कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा फायदा होगा। इस राशि के मैनेजर पोस्ट के लोग अपने काम को अच्छे से संभालेंगे।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो समय से पूरा करने में सफल होंगे। आज बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। मन ही मन किसी बात को लेकर खुश रहेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उन्हें किसी शादी समारोह में अपना लाइफ पार्टनर मिल सकता है। आज घर का माहौल अच्छा रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह लेंगे, आपकी सलाह उनके लिए कारगर साबित होगी।

मकर राशि: आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाने वाला है। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक आपको किसी काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा। किसी नये बिजनेस की शुरुआत के लिए लोन लेने के बारे में विचार करेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आयेगा। आप उनके साथ कही घूमने का प्लान बनाएंगे। छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें किसी की मदद से दूर होंगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करते हुए अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। बड़े-बुजुर्ग आपको खास सलाह देंगे जो आपके लिए कारगर रहेंगी।

मीन राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। आज ऑफिस के काम के लिए यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जाएगा। आज आपके रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। कार्यस्थल पर आपके व्यवहार की तारीफ होगी। आप महत्वपूर्ण काम समय से निपटा लेंगे।

# व्हेल की समुचित देखभाल और संरक्षण नितांत आवश्यक

**योगेश कुमार गोयल**

व्हेल विश्व का सबसे विशालकाय जलीय स्तनधारी प्राणी है, जिसके बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अभियान चलाए जाते हैं। नीली गहराइयों की प्रहरी व्हेल की समुचित देखभाल और संरक्षण करने का संकल्प लेने के उद्देश्य से हर साल विश्व व्हेल दिवस' भी मनाया जाता है, जो 16 फरवरी को मनाया गया। 17वीं सदी में कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा व्हेल का मांस, तेल व परफ्यूम बनाने के लिए बड़े पैमाने पर इसका शिकार किया जाने लगा। औद्योगिक पैमाने पर शिकार से इनकी कई प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं।

अंतरराष्ट्रीय व्हेलिंग आयोग' के अनुमान के अनुसार दुनिया में डेढ़ मिलियन व्हेल बची हैं। 1986 में अंतरराष्ट्रीय व्हेलिंग आयोग ने व्हेल के व्यावसायिक शिकार पर प्रतिबंध लगाया था किंतु फिर भी व्हेल का शिकार हो रहा है। सदियों से मानव सभ्यता के साथ जुड़ी व्हेल का समुद्र में 5 करोड़ वर्षो से अस्तित्व माना जाता है। स्पर्म व्हेल, किलर व्हेल, पायलट व्हेल, बेलुगा व्हेल आदि कई प्रजातियां हैं, जिनमें धरती का सबसे विशाल और वजनदार प्राणी ब्ल्यू व्हेल को माना जाता है। 1909 में दक्षिण अटलांटिक महासागर के दक्षिण जॉर्जिया के समुद्र तट पर मिली 110 फुट लंबी नीली व्हेल अब तक की सबसे विशालकाय व्हेल है। ब्ल्यू व्हेल का वजन 200 टन यानी 1.81 लाख किग्रा. होता है, जो 98 फुट चौड़ी होती है, और गर्मी के मौसम में चार करोड़ किल्र (छोटे जलीय जीव) खा जाती है। इसके हृदय का वजन 600 किग्रा. और मस्तिष्क 7 किग्रा. का होता है जबकि जीभ का वजन 3000 किग्रा. होता है। ब्ल्यू व्हेल के शरीर में सात हजार किग्रा. रक्त होता है, और जब यह जीव महासागरों में घूमता है, तो बड़े-बड़े जहाज भी इसे देख रास्ता बदल लेते हैं।



व्हेल के व्यवहार को लेकर वैज्ञानिकों ने जो जानकारियां जुटाई हैं, उनके अनुसार यह जिंदादिल जीव है। जब इसके बच्चे का जन्म होता है तो नन्हे ब्ल्यू की लंबाई 20-25 फुट और वजन 2.7 टन होता है। बच्चा तेजी से बड़ा होता है, जिसका वजन प्रति दिन 90 किग्रा. तक बढ़ जाता है। 6 माह में ही बच्चा 40-50 फुट बड़ा हो जाता है। हालांकि विशालकाय होने के बावजूद व्हेल इंसानों के लिए खतरनाक नहीं होती। वैसे पिग्मी स्पर्म व्हेल जैसी छोटी प्रजातियां 11 फुट तक की ही होती हैं। व्हेल महासागरों के गहरे पानी में औसतन 40 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से कहीं से कहीं पहुंच जाती हैं, लेकिन बच्चे को जन्म देना होता है तो मादा ब्ल्यू व्हेल सागर में गर्म पानी वाले गहरे क्षेत्र में चली जाती हैं। इनकी सर्वाधिक संख्या सबसे बड़े सागर प्रशांत महासागर में है। व्हेल का खून गर्म होता है। अन्य स्तनधारी प्राणियों की तरह यह हवा में सांस लेती है, बच्चे को जन्म देती है, दूध पिलाती है।

मादा व्हेल एक बार में एक बच्चे को जन्म देती है। पानी के अंदर सांस लेने के लिए व्हेल में अन्य मछलियों की भांति गिल्स नहीं होते, बल्कि स्तनधारी प्राणी की भांति यह फेफड़ों से सांस लेती है, और सांस लेने के लिए उसे पानी की सतह पर आना पड़ता है। सांस लेने के लिए इसके सिर पर छिद्र होता है। सतह पर आने के बाद व्हेल पहले शरीर की अशुद्ध हवा बाहर निकाल कर शुद्ध हवा अपने भीतर लेती है। जब अपने शरीर की हवा बाहर निकालती है, तब तेज आवाज आती है। बार सांस लेने के बाद व्हेल 45 मिनट तक पानी के भीतर रह सकती है। अपने साथियों से संपर्क करते समय व्हेल मधुर ध्वनि निकालती हैं, जिसे व्हेल सॉन्ग' कहा जाता है। 20 हजार वॉट के बराबर यह ध्वनि मीलों सुनी जा सकती है। व्हेल की गर्दन लचीली होती है, जो तैरते समय गोल घूम सकती है। इसकी पूंछ के अंत में दो सिरे इसके तैरने में सहायक होते हैं।व्हेल को लेकर सबसे विचित्र बात यह है कि यह लंबे समय तक नहीं सो सकती। सोते समय इसके दिमाग का आधा हिस्सा जगा होता है, और आधा सोता है, जिससे यह डूबने से बची रहती है। इसके शरीर का आकार इस तरह गोल होता है कि यदि सो जाए तो डूब कर मर जाती है। व्हेल में अपने परिवार के साथ रहने की प्रवृत्ति होती है, जो महासागरों में अकेले या स्थायी समूहों में रह कर यात्रा करती है। शिकार के अलावा प्रदूषण का असर भी व्हेल सहित अन्य समुद्री जीवों पर पड़ रहा है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि व्हेल रोजाना कई किलो माइक्रोप्लास्टिक निगल रही है, जिससे उसके स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। शोध के मुताबिक, ब्लू व्हेल प्रति दिन एक करोड़ माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े (करीब 43.5 किग्रा.) प्लास्टिक निगल सकती है जबकि फिन व्हेल रोजाना 0.6 करोड़ माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े (करीब 26 किग्रा.) निगल जाती है। शोध के मुताबिक हंपबैक रोजाना 0.4 करोड़ माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े (करीब 17 किग्रा.) प्लास्टिक निगल सकती है। कुला मिला कर व्हेल के साथ-साथ अन्य समुद्री जीवों के लिए भी उनके रहने के लिए सुरक्षित स्थान बनाने के लिए गंभीर कार्रवाई की नितांत आवश्यकता है।





# महाशिवरात्रि पर महास्नान के साथ ही महाकुंभ का समापन, 45 दिनों में 65 करोड़ से ज्यादा लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

प्रयागराज (ए.)। महाकुंभ, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा जमावड़ा माना गया, बुधवार को समाप्त हो रहा है। यह 45 दिन पहले शुरू हुआ था। लाखों भक्त शिवरात्रि के शुभ दिन पर डुबकी लगाने के लिए गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम में डुबकी लगाई। जबकि महाकुंभ में रिकॉर्ड तोड़ 65 करोड़ आगंतुकों ने भाग लिया। महाकुंभ, जो 12 वर्षों में एक बार होता है, 13 जनवरी (पौष पूर्णिमा) को शुरू हुआ और अब तक तीन अमृत स्नान हो चुके हैं। इस विशाल धार्मिक आयोजन में अब तक रिकॉर्ड 65 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री शामिल हुए हैं।

65 करोड़ से अधिक की भारी भीड़ के बीच पिछले 45 दिनों में मोनालिसा और आईआईटी बाबा जैसे कुछ चेहरे सुर्खियों में आए। कुंभ मेलों में, विभिन्न हिंदू संप्रदायों या अखाड़ों के भक्त उपरोक्त स्थलों पर पवित्र नदियों में शाही स्नान या शाही स्नान करने के लिए भव्य जुलूसों में भाग लेते हैं। च्पुष्प वर्षाज् के प्रभारी वी के सिंह ने बताया कि स्नानार्थियों पर हर बार गुलाब की 20 क्विंटल पंखुड़ियों की वर्षा कराई गई और कुल 120 क्विंटल पंखुड़ियों की पुष्प वर्षा कराई गई है। उन्होंने बताया कि पहले दौर में सुबह आठ बजे पुष्प वर्षा कराई गई तथा सभी घाटों पर छह बार पुष्प वर्षा कराई गई। प्रत्येक 12 वर्ष में आयोजित होने वाले महाकुंभ में पहला स्नान पर्व 13 जनवरी को हुआ था। हिंदू पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन में भगवान शिव ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समुद्र मंथन



से अमृत कलश निकला और इसकी बूंदें जहां जहां गिरीं, वहां वहां कुंभ मेले का आयोजन होता है। महाकुंभ मेले के छह स्नान पर्वों में तीन स्नान पर्व अमृत स्नान के थे और ये 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीन फरवरी को बसंत पंचमी पर संपन्न हुए। सभी 13 अखाड़े अमृत स्नान करके मेले से विदा हो चुके हैं। महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मेला और जिला प्रशासन ने महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर ही जिले और मेला क्षेत्र को च्नो व्हीकल जोनज् घोषित कर दिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में आयोजित मानवता का महायज्ञ, आस्था, एकता और समता का महापर्व महाकुम्भ-2025, प्रयागराज आज महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान के साथ ही अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर है। 13 जनवरी, पौष पूर्णिमा से प्रारंभ महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में आज 26 फरवरी, महाशिवरात्रि की तिथि तक कुल 45 दिवसों में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व है-अविस्मरणीय है।

उन्होंने कहा कि पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धर्माचार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का यह महासमागम दिव्य और भव्य बनकर सकल विश्व को एकता का संदेश दे रहा है। इस सिद्धि के सूत्रधार सभी गणमान्य जनों, देश-विदेश से पधारे सभी श्रद्धालुओं तथा कल्पवासियों का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार।

महाकुम्भ के सुव्यवस्थित आयोजन के कर्णधार रहे महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, गंगा दूतों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी महानुभावों व संस्थाओं को साधुवाद। विशेष रूप से प्रयागराज वासियों का धन्यवाद, जिनके धैर्य एवं आतिथ्य सत्कार ने सबको सम्मोहित किया। माँ गंगा, भगवान बेनी माधव आप सबका कल्याण करें।




मुरादाबाद में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए भक्त दूध और जल चढ़ाते हुए।

## सरकारी अधिकारियों को सार्वजनिक अस्पतालों का उपयोग करने का आदेश खारिज



नई दिल्ली (ए.)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 2018 के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश के सरकारी अधिकारियों को केवल सरकारी अस्पतालों में ही इलाज कराने की बात कही गई थी। उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार के व्यापक प्रयास के तहत उपरोक्त निर्देश सहित कई निर्देश जारी किए थे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि इस तरह के निर्देश नीतिगत निर्णयों में हस्तक्षेप करते हैं और उपचार के संबंध में व्यक्तिगत विकल्प को सीमित करते हैं। सुनवाई के दौरान पीठ ने सरकारी अधिकारियों के लिए उपचार विकल्पों को सीमित करने के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, उच्च न्यायालय नीतिगत निर्णय कैसे दे सकता है कि किसी व्यक्ति को कहां उपचार करवाना चाहिए या नहीं? हालांकि अस्पताल की स्थिति में सुधार करने का इरादा सराहनीय है, लेकिन ऐसे निर्देश व्यक्तिगत पसंद को दरकिनार नहीं कर सकते।



हरिद्वार में महाशिवरात्रि के अवसर पर पवित्र स्नान के लिए हर की पौड़ी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए।

# नोएडाः डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले गिरोह के तीन लोग गिरफ्तार

नोएडा (ए.)। पार्सल में मादक पदार्थ समेत अन्य आपत्तिजनक सामान होने का डर दिखाकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के तीन जालसाजों को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह ने बताया कि एक महिला ने थाने में शिकायत दी थी कि डिजिटल अरेस्ट कर ठगों ने उससे 84 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और जिन खातों में रकम भेजी गई उनकी जांच शुरु की गई। सिंह ने बताया कि जांच के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। तीनों की पहचान चंडीगढ़ निवासी राम सिंह और अक्षय कुमार तथा मोहाली निवासी नरेंद्र सिंह चौहान के रूप में हुई है। अक्षय कुमार बैंककर्मी है, जबकि राम सिंह



खाताधारक है। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी पहले भी जालसाजी की कई घटनाओं में संलिप्त रहे हैं। आरोपियों के एक साथी उमेश महाजन को दिल्ली पुलिस ने पिछले साल 30 जुलाई को गिरफ्तार किया था। सिंह ने कहा कि गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

## महाकुंभ से लौटते समय सड़क हादसे का शिकार हुई राज्यसभा सांसद महुआ माजी, परिवार के चार लोग भी घायल

रांची (आरएनएस)। झारखंड से जेएमएम की राज्यसभा सांसद महुआ माजी, उनके पुत्र सोमवित माजी, बहू कृति श्रीवास्तव माजी और ड्राइवर भूपेंद्र बास्के एक सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। सांसद प्रयागराज में कुंभ स्नान के बाद अपनी स्कॉर्पियो से रांची लौट रही थीं। यह हादसा झारखंड के लातेहार सदर थाना क्षेत्र में हुआ। सभी घायलों को इलाज के लिए रांची के ऑर्किड हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया गया कि हादसा बुधवार को तड़के पौने चार बजे तब हुआ, जब गाड़ी चला रहे सांसद के पुत्र सोमवित माजी को झपकी आ गई और उन्होंने लातेहार में होटवाग नामक जगह पर एनएच-75 के पास खड़े एक ट्रक को टक्कर मार दी। सांसद ड्राइविंग सीट के ठीक पीछे बैठी थीं। डॉक्टरों के मुताबिक उनके बाएं हाथ की कलाई टूट गई है। छाती की हड्डियों में भी हल्का क्रैक आया है। सांसद के पुत्र सोमवित माजी ने बताया कि उन्हें हल्की चोट आई है और प्रारंभिक उपचार के बाद वे ठीक हैं। हादसे की सूचना मिलते ही लातेहार जिला पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिए उन्हें तत्काल लातेहार सदर हॉस्पिटल लाया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद सभी को रांची रेफर कर दिया। सबसे ज्यादा चोट सांसद को आई है। सांसद के घायल होने की सूचना पर बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई नेता, राज्य सरकार के मंत्री और कई अन्य लोग रांची ऑर्किड हॉस्पिटल पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मरांडी ने सोशल मीडिया पर लिखा, झामुमो की वरिष्ठ नेत्री एवं राज्यसभा सांसद महुआ माजी जी के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना प्राप्त हुई। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं।

## सबका नाम सुसाइड नोट में लिखकर जाऊंगी', महाकुंभ से चर्चा में आई साध्वी हर्षा रिछारिया ने आत्महत्या की दी धमकी



नई दिल्ली (ए.)। महाकुंभ में सबसे सुंदर साध्वी हर्षा रिछारिया ने सुसाइड की धमकी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वीडियो डालकर कहा है कि कुछ धर्म विरोधी लोग,द्ध से मेरे वीडियो एडिट कर बदनाम कर रहे हैं। इस फेक वीडियो से मेरी बदनामी हो रही है। जो लोग ये वीडियो वायरल कर रहे है उनके नाम मेरे पास आ गए हैं।

### कहा- सुसाइड नोट में नाम लिखकर जाऊंगी

हर्षा ने कहा मुझे महादेव ने जिस हद तक हिम्मत दी है। उस हद तक मैं लड़ूंगी। मैं सामना करूंगी, लेकिन जिस दिन मैं टूट गई, उस दिन सबका नाम लिखकर जान दूंगी। साध्वी हर्षा ने वीडियो में कहा कि अगर मैंने आत्महत्या कर ली तो उन सबका नाम सुसाइड नोट में नाम लिखकर जाऊंगी। बताऊंगी किसने मेरे साथ क्या किया है?हर्षा ने इंस्टाग्राम पर 2 मिनट 13 सेकेंड का वीडियो शेयर किया। कहा मैंने महाकुंभ से प्रतिज्ञा ली थी कि हिंदुत्व के लिए काम करूंगी। युवाओं को जागरूक करूंगी। धर्म संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम करूंगी, लेकिन कुछ धर्म विरोधी लोग रात-दिन मुझे आगे बढ़ने से रोक रहे हैं। मुझे बहुत सारे मैसेज और मेल मिल रहे हैं। हर्षा ने कहा पहले मेरे पुराने वीडियो को वायरल किया गया। मेरी ही पहचान के लोगों ने ऐसा कराया। वीडियो में दिखाया कि ये क्या थी, अब कैसे साध्वी हो सकती है। मैं बता दूं कि मैंने कभी ऐसा नहीं बोला कि मैं साध्वी हूं। मेरा एक प्रोफेशन था, जिसमें मैं काम करती थी।

### कोलकाता में अवैध कॉल सेंटर पर छापेमारी, 1.18 करोड़ कैश के साथ 4 गिरफ्तार

कोलकाता (आरएनएस)। कोलकाता के गार्डेन रीच थाना क्षेत्र में स्थित आयरन गेट रोड पर व्हाइट हाउस बिल्डिंग में एक बड़े साइबर अपराध नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। मंगलवार को एक जांच टीम ने यहां छापेमारी की। मौके से चार लोगों को पकड़ा गया और लगभग 1.18 करोड़ रुपये का कैश तथा कुछ स्वर्णाभूषण जब्त किए गए। कोलकाता पुलिस के संयुक्त सीपी (अपराध) के अनुसार, यह छापेमारी 25 फरवरी को की गई थी। मामले में आरोपितों पर आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 66/66सी/66डी/43 के तहत अपराध दर्ज किया गया, साथ ही अन्य धाराओं जैसे 61(2)/319(2)/318(4)/336(2)/336(3)/338/340(2) के तहत भी जांच की जा रही है। इन आरोपियों पर अवैध कॉल सेंटर चलाने का आरोप है, जिसमें लाखों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।

## संजीव अरोड़ा को आप ने लुधियाना वेस्ट से बनाया उम्मीदवार, विधायक की मौत के बाद सीट हुई थी खाली

लुधियाना (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी ने लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। राज्यसभा सांसद और उद्योगपति संजीव अरोड़ा को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। यह सीट विधायक गुरप्रीत गोगी की गोली लगने से हुई मौत के बाद खाली हुई थी। यह जानकारी पार्टी की तरफ से जारी की गई. संजीव अरोड़ा साल 2022 में राज्यसभा सांसद बने थे। वहीं, विपक्षी दल वाले आरोप लगा रहे हैं कि पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को इस सीट से भेजने की कोशिश की जा रही है। जिसके बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा भेजे जाने की चर्चाओं पर पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने कहा कि पार्टी के स्तर पर अभी तक इस प्रकार की कोई बात नहीं हुई है। विपक्ष ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के मुद्दे उठा रहा है। विपक्ष के नेता विधानसभा के अंदर कोई मुद्दा उठा नहीं सकते ना ही कुछ बोल सकते हैं इसलिए इस प्रकार के मुद्दे गुमराह करने के लिए उठा रहे हैं। बता दें कि संजीव अरोड़ा का एक्सपोर्ट इंडस्ट्री में प्राइमरी बिजनेस है। वह पिछले तीन दशकों से रितेश इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी चला रहे हैं। उनकी कंपनी USA को निर्यात करती है और उनका ऑफिस वर्जीनिया में है। संजीव अरोड़ा ने चंडीगढ़ रोड पर हैम्पटन बिजनेस पार्क और हैम्पटन होम्स को भी विकसित किया है, जो 70 इंडस्ट्री के लिए एक हब के तौर पर काम करता है। 2018 में उन्होंने फेमेला फैशन लिमिटेड कंपनी लॉन्च की और महिलाओं के कपड़ों के ब्रांड फेमेला की स्थापना की। इसके बाद साल 2019 में उन्होंने मेटल बिजनेस में भी कदम रखा, जिसकी मेक इन इंडिया योजना के तहत सुजुकी मोटर्स के साथ पार्टनरशिप है। पंजाब से सदस्य के रूप में राज्यसभा में उनका कार्यकाल 10 अप्रैल 2022 से शुरू हुआ था। संजीव अरोड़ा का कार्यकाल 2028 तक है।

## क्या बेंगलुरु जल संकट की ओर बढ़ रहा है? डीके शिवकुमार ने दिया जवाब



बेंगलुरु (ए.)। बेंगलुरु शहर के गंभीर जल संकट की ओर बढ़ने की कई रिपोर्टों के बीच, कर्नाटक के मंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि शहर में पीने के पानी की कोई कमी नहीं है। शिवकुमार, जो जल संसाधन विभाग भी संभालते हैं, ने कहा कि सरकार सिंचाई जरूरतों का भी प्रभावी ढंग से प्रबंधन कर रही है। शिवकुमार ने एएनआई को बताया, राज्य में पीने के पानी की कोई समस्या नहीं है। हमारे पास पर्याप्त पीने का पानी है और हम सिंचाई जरूरतों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन कर रहे हैं। शिवकुमार ने कहा कि उदयपुर में दूसरे अखिल भारतीय जल संसाधन मंत्रियों के सम्मेलन में कर्नाटक से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान, हमने तुंगभद्रा नदी के मुद्दे को संबोधित किया और एक वैकल्पिक बांध बनाने की अपनी इच्छा व्यक्त की। संबंधित मंत्रियों ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के साथ बैठकें कीं और मैंने व्यक्तिगत रूप से चंद्र बाबू नायडू से बात की। हमने गाद हटाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे जल भंडारण में काफी दिक्कतें आ रही हैं। शिवकुमार ने उल्लेख किया कि उन्होंने इस मुद्दे पर आगे चर्चा करने के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्र बाबू नायडू के साथ बैठक का अनुरोध किया था। उन्होंने मेकेदातु बांध परियोजना के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, चूंकि केंद्र सरकार को अपनी राय देनी होगी, इसलिए यह जरूरी है कि परियोजना से तमिलनाडु और कर्नाटक दोनों को फायदा हो। हालांकि हम राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हो सकते हैं, मेकेदातु परियोजना दोनों राज्यों के लिए फायदेमंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमने कृष्णा नदी पर अलमाटी बांध पर भी चर्चा की, जिसके लिए गजट अधिसूचना लंबित है। हमने पहले ही संबंधित कार्य शुरू कर दिया है, जिसे चरणों में पूरा किया जाएगा। शिवकुमार ने कहा कि कृष्णा, कावेरी और गोदावरी नदियों को आपस में जोड़ने की योजना पर चर्चा की गई क्योंकि इससे इसमें शामिल सभी राज्यों को लाभ होगा। लघु सिंचाई मंत्री ने 14 हजार करोड़ रुपये के परियोजना प्रस्ताव भी पेश किये। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व अधिकारी की याचिका पर एम्स से जवाब मांगा

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एम्स से उसके पूर्व मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) की याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें उनके बीच चल रही कानूनी लड़ाई में संस्थान पर झूठी गवाही देने का आरोप है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर और न्यायमूर्ति अजय दिगपॉल की पीठ ने संजीव चतुर्वेदी की याचिका पर एम्स को नोटिस जारी किया है। संजीव चतुर्वेदी ने यह याचिका दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 340 के तहत दायर की है। पीठ ने 24 फरवरी को पारित आदेश में कहा, नोटिस जारी करें.. यदि कोई उत्तर हो, तो उसे चार सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए, जिसकी




अग्रिम प्रति याचिकाकर्ता के विद्वान वकील को दी जाए, जो चार सप्ताह के भीतर उस पर प्रत्युत्तर दाखिल कर सकते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि एम्स ने वित्त वर्ष 2014-15 के लिए अपनी वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट लिखने के चैनल से संबंधित उनकी याचिका के जवाब में 17 अगस्त, 2016 को दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में झूठे बयान दिए हैं। याचिकाकर्ता 2012 से 2014 के बीच एम्स में मुख्य सतर्कता अधिकारी थे और उन्होंने चिकित्सा संस्थान में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। उन्हें 2016 में उनके कार्यकाल की समाप्ति से पहले अगस्त 2014 में पद से मुक्त कर दिया गया था। चतुर्वेदी भारतीय वन सेवा के अधिकारी हैं, जिन्हें 2015 में रेमन मैग्सायसाय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी।

## अदा शर्मा ने सुनाया शिव तांडव स्तोत्र, भक्ति में लीन दिखीं अभिनेत्री

मुंबई,(आरएनएस)। अभिनेत्री अदा शर्मा की भगवान शिव में विशेष आस्था है। महाशिवरात्रि के अवसर पर अदा ने प्रशंसकों को खास अंदाज में शुभकामनाएं दी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह शिव तांडव स्तोत्र सुना रही हैं। इंस्टाग्राम पर महाशिवरात्रि के अवसर पर एक वीडियो शेयर करते हुए अदा ने खास अंदाज में शिव भक्तों और प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं। अदा शर्मा ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, आप सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं। शेयर किए गए वीडियो में वह 'शिव तांडव स्त्रोत' प्रस्तुत करती नजर आईं। अदा ने स्त्रोत को अपनी आवाज दी है। अदा शर्मा शिव भक्त हैं और यह कोई पहली बार नहीं है, जब वह भगवान शिव से संबंधित कोई पोस्ट शेयर कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में महाशिवरात्रि की तैयारी से संबंधित एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह महाशिवरात्रि के लिए अपनी मां से महेश्वर सूत्र सीखती और उसका अभ्यास करती नजर आईं। वीडियो में अदा अपने फॉलोअर्स को प्राचीन मंत्र सीखने के लिए आमंत्रित करती नजर आई थीं। मां के साथ वीडियो शेयर करते हुए अदा ने कैप्शन में लिखा, महाशिवरात्रि के लिए आप भी मेरे साथ सीखो महेश्वर सूत्र। अपनी बुद्धि को तेज करो और फोकस और एकाग्रता बढ़ाओ। अभिनेत्री ने पोस्ट में आगे बताया कि ये मंत्र भगवान शिव के डमरू की 14 ध्वनियां हैं, जो ऋषि पाणिनि ने तब सुनी थीं, जब वे भगवान शिव को आनंद तांडव करते हुए देख रहे थे।

# केंद्र पांच साल में असम में जलमार्ग विकास पर 4,800 करोड़ रुपये खर्च करेगा : सोनोवाल

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार अगले पांच साल में असम में जलमार्ग और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास पर 4,800 करोड़ रुपये खर्च करेगी। बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री यहां एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन के दौरान राज्य की सड़क, रेलवे और नदी अवसंरचना पर आयोजित सत्र में यह बात कही। सोनोवाल ने कहा, मैं घोषणा करना चाहता हूं कि अगले पांच साल में मेरा मंत्रालय असम में 4,800 करोड़ रुपये खर्च करेगा। यह राशि जहाज मरम्मत सुविधा, बंदरगाहों के लिए वैकल्पिक सड़कों के निर्माण तथा टर्मिनल के विकास जैसे विभिन्न कार्यों पर खर्च की जाएगी। सोनोवाल ने कहा कि राज्य में समुद्री शिक्षा में उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें पोत परिवहन उद्योग के लिए सालाना 5,000 कुशल युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने आर्थिक वृद्धि में जलमार्गों के महत्व का उल्लेख किया और कहा कि 2014 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के सत्ता में आने के बाद से इस क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा, भारत का लक्ष्य 2030 तक समुद्री क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र और शीर्ष पांच जहाज विनिर्माण देशों में से एक बनना है।

## वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं? इन 5 खाने की गलतियों से बचें



वजन घटाना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया हो सकती है, खासकर जब हम अपने खाने की आदतों में कुछ आम गलतियां कर बैठते हैं।

अक्सर लोग सोचते हैं कि कम खाना या कुछ चीजें छोड़ देना ही वजन घटाने का सही तरीका है, लेकिन यह सच नहीं है। सही जानकारी के बिना हम अपने शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

इस लेख में हम पांच ऐसी आम गलतियों पर चर्चा करेंगे, जो वजन घटाने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं।

### नाश्ता छोड़ना

नाश्ता छोड़ने से कैलोरी कम होने की सोच गलत है।

ऐसा करने से मेटाबॉलिज्म धीमा हो सकता है और दिनभर भूख बढ़ सकती है, जिससे आप दोपहर या रात के खाने में ज्यादा खा सकते हैं।

नाश्ता आपके दिन की शुरुआत को ऊर्जा देता है और इसे संतुलित रखना जरूरी है ताकि आप पूरे दिन सक्रिय रह सकें।

नाश्ते में प्रोटीन और फाइबर युक्त आहार जैसे ओट्स, फल शामिल करें, जिससे आपका पेट लंबे समय तक भरा रहे।

### पर्याप्त पानी ना पीना

कई बार लोग प्यास को भूख समझकर अनावश्यक रूप से खाते हैं।

पानी की कमी से शरीर डिहाइड्रेटेड महसूस करता है, जिससे थकान और मेटाबॉलिज्म में कमी आती है। पर्याप्त पानी पीने से त्वचा स्वस्थ रहती है और पाचन तंत्र बेहतर काम करता है।

हर दिन कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और भूख नियंत्रित रहे, जिससे आप अनावश्यक खाने से बच सकें।

### अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड का सेवन करना

प्रोसेस्ड फूड जैसे चिप्स, बिस्किट्स या पैकेज्ड स्नैक्स में शक्कर, नमक और अनहेल्दी फैट की मात्रा अधिक होती है, जो वजन घटाने के प्रयासों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।ये खाद्य पदार्थ जल्दी भूख मिटाते हैं लेकिन पोषक तत्वों की कमी के कारण पेट लंबे समय तक भरा नहीं रखते।इनके बजाय ताजे फल-सब्जियां या घर पर बने स्नैक्स का सेवन करें, जो पोषण देने के साथ भूख भी शांत करेंगे।

### भोजन करते समय ध्यान न देना

भोजन करते समय टीवी देखना या फोन चलाना एक आम आदत है, जिससे हम नहीं समझ पाते कि कितना खा लिया और कब पेट भर गया।

इस कारण जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिसका असर वजन पर पड़ता है।भोजन करते समय ध्यानपूर्वक खाना चाहिए ताकि भूख को सही तरीके से पहचान सकें। कोशिश करें कि भोजन के वक्त किसी अन्य गतिविधि में व्यस्त न रहें, बल्कि खाने पर पूरा ध्यान दें ताकि संतुलित मात्रा में ही खाएं।

### प्रोटीन की कमी

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है क्योंकि यह मांसपेशियों को मजबूत बनाने के साथ-साथ लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करता है।कई बार लोग केवल कार्बोहाइड्रेट्स पर निर्भर रहते हुए प्रोटीन लेना भूल जाते हैं। इससे उनका मेटाबॉलिज्म धीमा पड़ जाता है।

अपनी डाइट में दाल, टोफू आदि शामिल करके सुनिश्चित करें कि आपको पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन मिल रहा हो ताकि आपका शरीर स्वस्थ रहे और वजन नियंत्रण मे बना रहे।

## मिनिमल मेकअप करना पसंद है? आप अपना सकती हैं ये 5 शानदार ट्रेंड



2024 में बोल्ड मेकअप का रुझान प्रचिलित हुआ था, जो पार्टी या त्योहार जैसे मौकों पर बढ़िया लगता है।

हालांकि, इस साल महिलाओं की पसंद बदल रही है और वे मिनिमल यानि कम मेकअप लगाने का रुझान अपना रही हैं।

इस तरह का मेकअप हर जगह अच्छा लगता है, चाहे आप कॉलेज जा रही हों, डेट पर जा रही हों या घूमने जा रही हों।

आइए इस साल प्रचिलित हो रहे 5 मिनिमल मेकअप रुझानों के बारे में जानते हैं।

### कम उत्पादों वाला मेकअप

आज के समय में कोई भी महिला अपने चेहरे पर अधिक मेकअप लगाना पसंद नहीं करती है। इससे चेहरे पर मेकअप की मोटी परत नजर आने लगती है और वह केकी होने लगता है।

इस साल महिलाएं मेकअप करने के लिए कम उत्पादों का प्रयोग करना पसंद कर रही हैं। उदाहरण के लिए फाउंडेशन के बजाय केवल कंसीलर इस्तेमाल करना या केवल उन जगहों पर कंसीलर लगाना जहां दाग-धब्बे हों।

अंत में मस्कारा और लिप ग्लॉस इस्तेमाल किया जाता है।

### क्लीन गर्ल मेकअप

आप सभी ने कभी न कभी क्लीन गर्ल मेकअप के बारे में जरूर सुना होगा। यह एक अनोखा ट्रेंड है, जो कम मेकअप करने और प्राकृतिक सुंदरता को निखारने पर ध्यान देता है।

इसे पाने के लिए हल्की कवरेज वाला फाउंडेशन लगाया जाता है और गालों पर हल्का ब्लश इस्तेमाल किया जाता है।इसके बाद, आखों पर न्यूड रंग का आईशैडो और होंठों पर गुलाबी रंग का लिप टिंट इस्तेमाल किया जाता है।

### गुलाबी ब्लश वाला मिनिमल मेकअप

इस साल भी ब्लश सबसे पसंदीदा मेकअप उत्पाद रहने वाला है, जो गालों पर गुलाबी निखार ले आता है। इसकी मदद से आप गुलाबी टोन वाला मिनिमल मेकअप लुक पा सकती हैं।सबसे पहले कंसीलर या हल्की कवरेज वाले फाउंडेशन का प्रयोग करके बेस मेकअप करें। इसके बाद अपने गालों और आखों पर गुलाबी रंग का ब्लश लगा लें।

पलकों पर ट्रांसपेरेंट मस्कारा और होंठों पर लिप ग्लॉस लगाकर लुक को पूरा करें।

### नो मेकअप लुक

फिल्मों में अभिनेत्रियां बिना मेकअप किए भी खूबसूरत लगती हैं। हालांकि, शूटिंग के दौरान वे नो मेकअप लुक अपनाती हैं, जिसे देखकर ऐसा लगता है मानो उन्होंने मेकअप किया ही न हो।पिछले कुछ सालों से यह रुझान बड़ी चर्चा में है, जो सभी महिलाओं को पसंद भी आता है। इसके लिए चेहरे पर कंसीलर लगाएं और होंठों पर न्यूड रंग की लिपस्टिक इस्तेमाल करें।

अपनी पलकों पर मस्कारा लगा लें और भौहों को घना कर लें।

### लाटे मेकअप

इस साल लाटे मेकअप भी पसंद किया जा रहा है, जो भूरे टोन वाला मेकअप होता है। इस तरह का मेकअप हर आउटफिट के साथ जंचता है और खास तौर से भारतीय महिलाओं की त्वचा पर निखरकर आता है।

इसके लिए फाउंडेशन लगाने के बाद ब्रोंजर के जरिए कंटूरिंग की जाती है और गालों पर पीच या नारंगी रंग का ब्लश लगाया जाता है।

होंठों पर भूरा लिप लाइनर और लिप ग्लॉस या न्यूड लिपस्टिक लगाई जाती है।

## परिणीति चोपड़ा की पहली वेब सीरीज का ऐलान, जल्द नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज



परिणीति चोपड़ा पिछली बार दिलजीत दोसांझ के साथ फिल्म अमर सिंह चमकीला में नजर आई थीं, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।अब परिणीति की पहली वेब सीरीज का ऐलान हो गया है, जिसके निर्देशन की कमान रेंसिल डी सिल्वा ने संभाली है। सीरीज की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है।फिलहाल इस रहस्य थ्रिलर वेब सीरीज के शीर्षक से पर्दा नहीं उठा है।परिणीति के अलावा इस वेब सीरीज में आलिया भट्ट की मां और दिग्गज अभिनेत्री सोनी राजदान भी मुख्य भूमिका में होंगी। इसमें जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी, ताहिर राज भसीन, अनुप सोनी, सुमीत व्यास और चैतन्य चौधरी जैसे सितारे भी अभिनय करते नजर आएंगे। यह वेब सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।बता दें कि सिद्धार्थ पी मल्होत्रा और सपना मल्होत्रा इस सीरीज के निर्माता हैं।

## मेरे हस्बैंड की बीवी को नहीं मिल रहे दर्शक, चौथे दिन लाखों में सिमटा कारोबार




मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है। यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज हुई थी।

अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर जैसे सितारों की अदाकारी से सजी इस फिल्म का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।आलम यह है कि चौथे दिन मेरे हस्बैंड की बीवी का कारोबार लाखों में सिमट गया है। मेरे हस्बैंड की बीवी की हालत पस्तबॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मेरे हस्बैंड की बीवी ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 51 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस क्लेक्शन 4.82 करोड़ रुपये हो गया है।मेरे हस्बैंड की बीवी ने 1.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 1.65 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। तीसरे दिन इस फिल्म ने 1.11 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।कॉमेडियन हर्ष गुजराल ने इस फिल्म के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा है।

## बॉडीकॉन ड्रेस पहन भोजपुरी क्वीन ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की बोल्ड अदाओं पर दिल हार गए फैंस



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वोजब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एकट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपने लेटेस्ट लुक में फोटोज फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस को काफी पसंद आता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं।इन तस्वीरों में उनका किलर और स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उन पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने बेहद ही स्टाइलिश बॉडीकोन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।मोनालिसा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।एक यूजर ने फोटोज में टू मच स्टनिंग। दूसरे यूजर ने- सो हॉट। तीसरे यूजर ने-बेहद स्टनिंग लिखा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

## छावा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 11 सिनेमाघरों में संभाजी महाराज की दहाड़ बरकरार, दूसरे सोमवार को 350 करोड़ का आंकड़ा किया पार

***विक्की कौशल की नई फिल्म छावा ने वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार एंट्री की. मराठी उपन्यास छावा पर आधारित यह हिस्टोरिकल एक्शन फिल्म आपको छत्रपति संभाजी महाराज की यात्रा और मुगल बादशाह औरंगजेब के साथ उनकी लड़ाई से रूबरू कराती है. इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 11 दिन हो चुके हैं और इन दिनों में इसने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है.***



मेकर्स के मुताबिक, लक्ष्मण उटेकर निर्देशित फिल्म छावा ने पहले सप्ताह में 225.28 करोड़ रुपये कमाए. एक सप्ताह के बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी है. 21 फरवरी को यानी दूसरे शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर ड्रैगन जैसी कई नई फिल्में रिलीज हुई, इसके बावजूद छावा ने 8वें दिन 24.03 करोड़ रुपये का बिजनेस किया।

रिलीज के 9वें दिन छावा की कमाई में काफी उछाल देखा गया. विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की नई फिल्म ने दूसरे शनिवार को 44.1 करोड़ रुपये की बंपर कमाई की. वहीं, दूसरे रविवार को भी फिल्म ने 40 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई की. छावा मेकर्स के जारी किए रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 10वें दिन 41.1 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि यह 9वें दिन के अपेक्षा थोड़ी कम कमाई रही।

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, वीकेंड 2 के नतीजे:

पुष्पा 2 हिंदी और छावा केवल दो ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने अपने दूसरे वीकेंड (शुक्रवार-रविवार) में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया। दूसरे वीकेंड पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म छावा की असली परीक्षा दूसरे सोमवार को हुई, जिसमें वह पास हुई. छावा ने दूसरे मंडे यानी रिलीज के 11वें दिन 18.50 करोड़ रुपये कमाए. इसी के साथ विक्की कौशल की हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. 11 दिनों के बाद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर छावा का कुल कलेक्शन 353.01 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं, सैकनिल्क के मुताबिक, दुनियाभर में छावा की कमाई कुल 444.5 करोड़ रुपये हो गई है। लक्ष्मण उटेकर की फिल्म छावा में विक्की कौशल ने मराठा साम्राज्य के राजा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है।

## 'आर्टिकल 370' के एक साल हुए पूरा, एक्ट्रेस ने शेयर की यादें




बालीवुड की फिल्म 'आर्टिकल 370' को रिलीज हुए एक साल पूरा हो गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम इस मौके पर सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी अपनी यादें साझा कीं। एक्ट्रेस ने बताया कि यह सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण कहानी है, जिसे दुनिया के सामने आना जरूरी था।

यामी गौतम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह हाथ में गन लिए नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, शायद ही कोई फिल्म इतनी दमदार, अविश्वसनीय और वास्तविक कहानी लेकर आती है। 'आर्टिकल 370' का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक ऐसी कहानी है जिसे सामने लाना चाहिए था और मैं इसमें भूमिका निभाकर गर्व महसूस कर रही हूं। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे देश याद रखेगा। आदित्य सुहास जंभाले के निर्देशन में बनी इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म में यामी गौतम के अलावा प्रियामणि, स्कंद ठाकुर, अश्विनी कौल, वैभव तत्ववादी, अरुण गोविल और किरण करमारकर ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं।फिल्म की कहानी कश्मीर में हुए एक महत्वपूर्ण मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें प्रधानमंत्री के संयुक्त सचिव आर्टिकल 370 को निष्प्रभावी बनाकर आतंकवाद के खिलाफ एक गुप्त ऑपरेशन का संचालन करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी 'आर्टिकल 370' ने शानदार प्रदर्शन किया था।

# मई में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी इंडिया-ए टीम

## बेहतर प्रदर्शन करने वालों को मिलेगा टेस्ट सीरीज के लिए अवसर



मुम्बई (ए)। इंडिया-ए टीम आईपीएल 2025 के बाद तीन 4-दिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी। इस दौरे में उसका मुकाबला इंग्लैंड लायंस की टीम से होगा। इससे इसमें शामिल खिलाड़ियों के पास बेहतर प्रदर्शन कर जून में होने वाले भारतीय टीम के टेस्ट दौरे के लिए अपना दावा पेश करने का अच्छा अवसर होगा। इंडिया ए की टीम यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी इसकी तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। 25 मई को आईपीएल का फ़ाइनल मुक़ाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज़ की शुरुआत होगी। भारतीय बल्लेबाज़ टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाज जिस प्रकार से न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ के अलावा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विफल रहे हैं। ऐसे में हो सकता है कि कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जाएं। भारत-इंग्लैंड एकदिवसीय सीरीज़ शुरू होने से पहले एक रणजी ट्रॉफ़ी मुक़ाबला है, जहां ये बल्लेबाज़ लाल गेंद की क्रिकेट का अभ्यास कर सकते हैं। बीसीसीआई ने अपने बल्लेबाज़ों को संदेश दिया है कि वह इस सीरीज़ को चयन का एक पैमाना मानें। पिछले साल जब इंग्लैंड लायंस की टीम भारत आई थी तो सरफ़राज़ ख़ान, ध्रुव जुरेल, प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियो ने इंडिया ए की ओर से खेला था। वहीं इसके बाद इन्हें राष्ट्रीय टीम से खेलने का अवसर मिला है।

# सत्यानाश हो जाएगा पाकिस्तान क्रिकेट का

**भारत से हार से बाद बौखलाए पूर्व कप्तान ने पीसीबी और टीम पर लगाए गंभीर आरोप**

नईदिल्ली,(आरएनएस)। 29 साल बाद पाकिस्तान को किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी मिली है. पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी कर रहा है. लेकिन फैंस के लिए निराशाजनक बात ये है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई है. टीम के बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटर्स का गुस्सा चरम पर है और वे टीवी पर सार्वजनिक रुप से मौजूदा स्क्वॉड, टीम मैनेजमेंट की आलोचना कर रहे हैं. अब पूर्व कप्तान की एक टिप्पणी आई है जिसने पाकिस्तान क्रिकेट में खलबली मचा दी है.पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने टीम को भारत के खिलाफ मिली हार और चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर दुख जताया है. इमरान ने भारत और पाकिस्तान का मैच देखा था और टीम के प्रदर्शन पर निराशा जताई है. इमरान ने अपनी बहन अलीमा के माध्यम से अपनी बात कही है।

# विदर्भ के करुण नायर ने 8000 प्रथम श्रेणी रन पूरे किए

नागपुर, (आरएनएस)। भारत और विदर्भ के बल्लेबाज करुण नायर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 8,000 रन बनाने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बुधवार को जामथा के वीसीए स्टेडियम में केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।अपने 114वें प्रथम श्रेणी मैच में, नायर 13वें ओवर में पांचवें नंबर पर आए, जब केरल ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए मेजबान टीम का स्कोर तीन विकेट पर 24 रन कर दिया और 10 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की।शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने हैदराबाद के खिलाफ विदर्भ के आखिरी लीग मैच में शतक जड़ा और इसके बाद तमिलनाडु पर क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ अपना 22वां प्रथम श्रेणी शतक बनाया। वह विदर्भ के शीर्ष रन बनाने वालों में तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने तीन शतक और एक अर्धशतक सहित 673* रन बनाए हैं।वर्तमान रणजी फाइनल नायर के करियर का चौथा है, इससे पहले उन्होंने 2013-15 में कर्नाटक के साथ दो और पिछले साल विदर्भ के साथ एक मैच खेला था, जिसमें वे मुंबई के बाद उपविजेता रहे थे।इस रिपोर्ट को लिखते समय, नायर 76 गेंदों पर 35 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं, जबकि दानिश मालेवार (118 गेंदों पर 66 रन) विदर्भ का स्कोर 120/3 है।अपने पहले प्रथम श्रेणी सत्र (2013-14) में, नायर ने फाइनल में खेला था, जिसमें कर्नाटक ने महाराष्ट्र को हराकर खिताब जीता था। अगले वर्ष, नायर ने तमिलनाडु के खिलाफ फाइनल में 328 रनों की शानदार पारी खेली, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला, क्योंकि कर्नाटक ने सफलतापूर्वक अपना खिताब बरकरार रखा।इस साल जनवरी में, 33 वर्षीय बल्लेबाज ने लिस्ट ए क्रिकेट में बिना आउट हुए लगातार सबसे अधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया, उन्होंने चल रहे विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान उत्तर प्रदेश के खिलाफ मैच में अपना विकेट गंवाने से पहले 500 से अधिक रन बनाए।उन्होंने लिस्ट ए क्रिकेट में बिना आउट हुए लगातार 527 रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो न्यूजीलैंड के जेम्स फ्रैंकलिन ने 2010 में बनाया था। अपनी पारी के अंत तक उन्होंने 542 रन बना लिए थे और यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। पिछले साल, वह पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बाद तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज थे।

# मेरे मोबाइल में सबसे ज्यादा हनुमान चालीसा बजता है: हार्दिक पांड्या

## -टीम इंडिया के धाकड़ क्रिकेटर पर चढ़ा भक्ति का रंग

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन कर रही है. बांग्लादेश और पाकिस्तान को हराने के बाद टीम इंडिया टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई है. ग्रुप स्टेज में भारत का आखिरी मुकाबला न्यूजीलैंड के साथ 2 मार्च को है. न्यूजीलैंड भी सेमीफाइनल में जगह बना चुकी है. इसलिए ये मैच नंबर वन और नंबर दो पर जगह बनाने के लिए अहम है. इसी बीच टीम इंडिया के एक दिग्गज खिलाड़ी का इंटरव्यू आया है जिसमें वो हनुमान भक्ति के रंग में रंगा नजर आया है।

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने हाल ही में स्टार स्पोर्ट्स को एक इंटरव्यू दिया है. इंटरव्यू में हार्दिक से पूछा गया कि आपके फोन में सबसे ज्यादा कौन सा गाना बजता है. इसके जवाब में हार्दिक ने कहा, हनुमान चालीसा. हार्दिक के इस जवाब से ये स्पष्ट है कि वे इन दिनों



हनुमान की भक्ति में लीन हैं. भगवान को हनुमान को बुद्धि और शक्ति का देवता माना जाता है. हार्दिक के प्रदर्शन में भी इन दिनों इन दोनों ही चीजों का समावेश दिखा है. हार्दिक पांड्या एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं और अपनी बल्लेबाजी के साथ साथ गेंदबाजी के दम पर टीम को जीत दिलाने की क्षमता रखते हैं और जीताते भी रहे हैं. चैंपियंस ट्रॉफी में हार्दिक एक तेज गेंदबाज की भूमिका में दिख रहे हैं और अपनी भूमिका से न्याय भी कर रहे हैं. दरअसल, इंजरी के बाद मोहम्मद शमी ने वापसी जरुर कर ली है. उन्हें विकेट भी मिल रहे हैं लेकिन फिटनेस की समस्या उनके साथ बनी हुई है. ऐसे में हार्दिक एक तेज गेंदबाज की भूमिका निभा रहे हैं. हार्दिक को बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ हुए मैच में बैटिंग का ज्यादा मौका नहीं मिला है. बांग्लादेश के खिलाफ उन्हें बैटिंग नहीं मिली जबकि गेंदबाजी में 4 ओवर में सिर्फ 20 रन दिए. वहीं पाकिस्तान के खिलाफ हार्दिक ने 8 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए थे. वहीं 5 वें नंबर पर बैटिंग करते हुए 8 रन बनाकर आउट हुए।

# पाकिस्तान में खिलाड़ियों की सुरक्षा में चूक, लाइव मैच के दौरान मैदान में घुसा अनजान शख्स

नई दिल्ली (ए.)। पाकिस्तान के रावलपिंडी में खेले गए न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच मैच के दौरान खिलाड़ियों की सुरक्षा में चूक होने का मामला सामने आया है। जहां चल रहे मैच के दौरान एक अनजान शख्स अचानक से मैदान में घुस गया।दरअसल, जब रचिन रविंद्र बल्लेबाजी कर रहे थे तो मैदान के अंदर एक शख्स घुस आया और सीधे न्यूजीलैंड बल्लेबाज की ओर जाकर उसे गले लगाने की कोशिश करने लगा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अनजान शख्स जब मैदान पर आया तो उसे देखकर रविंद्र एक पल के लिए सहम से गए थे। हालांकि मैदान पर शख्स को देख सिक्योरिटी गार्ड एक्शन में आए और उस शख्स को पकड़कर मैदान से बाहर ले गए। लेकिन इस वीडियो ने पाकिस्तान में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा कर दिया है। पीसीबी ने इस मामले में एक बयान जारी किया है और कहा है कि 'वे सभी वेन्यू पर खेल के मैदान के आसपास सुरक्षा कड़ी कर रहे है। पीसीबी ने कल हुए सुरक्षा उल्लंघन को गंभीरता से लिया है, जब एक दर्शक खेल के मैदान में घुस गया था।



पीसीबी ने कहा, खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एक जिम्मेदार संगठन के रूप में, हमने स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम किया है, जिन्होंने सभी वेन्यू प के आसपास सुरक्षा कर्मियों को बढ़ाने और प्रवेश नियंत्रण उपायों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उस अनजान शख्स को पाकिस्तान के सभी क्रिकेट वेन्यू में प्रवेश करने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में कहा, इसमें शामिल शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# अमेरिका को खजाना सौंपने जा रहा यूक्रेन, ट्रंप के दबाव के आगे नतमस्तक हुए जेलेंस्की

यूक्रेन,(आरएनएस)। रूस- यूक्रेन बीच हो रहे युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका लगातार प्रयास कर रहा हैं। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप की नीति के आगे आखिरकार यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की घुटने टेकते नजर आ रहे हैं। यूक्रेनी सुरक्षा अधिकारियों ने कहा है कि यूक्रेन ने अमेरिका के साथ खनिज सौदे पर सहमति जताई है। इस सौदे की कीमत 500 बिलियन डॉलर बताई जा रही है, जिसे रूस के साथ युद्ध समाप्त करने की वार्ता से पहले यूक्रेन द्वारा अमेरिका को अपने पक्ष में लाने के तरीके के रूप में देखा जा रहा है।



बीते दिन ट्रंप ने जेलेंस्की को तानाशाह बताया था। अमेरिका के द्वारा लगातार यूक्रेन पर खनिज समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। जिसे मानने से जेलेंस्की इनकार कर रहे थे, हालांकि अब इस दबाव के आगे यूक्रेन के राष्ट्रपति झुक गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को जेलेंस्की व्हाइट हाउस का दौरा करने वाले हैं। इस यात्रा को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि बैठक में ज़ेलेंस्की यूक्रेनी खनिजों के बारे में अमेरिका द्वारा प्रस्तावित सौदे पर सहमत हो सकते हैं। यूक्रेन को उम्मीद है कि यह सौदा ट्रम्प प्रशासन के साथ संबंधों को बेहतर बनाएगा, दीर्घकालिक सुरक्षा संबंधों को मजबूत करेगा और यूक्रेन युद्ध को समाप्ति के करीब ले जाएगा। इस समझौते में विशाल खनिज, तेल, गैस जैसे चीजें शामिल हैं। अमेरिका के द्वारा यह समझौता संभावित राजस्व के 500 बिलियन डॉलर के हिस्से की अपनी मांग को छोड़ने के बाद हुआ है। इस बैठक को लेकर यूक्रेन के उप प्रधान मंत्री और न्याय मंत्री ओल्हा स्टेफनिशिना ने बताया कि खनिज समझौता तस्वीर का केवल एक हिस्सा है, हमने अमेरिकी प्रशासन से कई बार सुना है कि यह एक बड़ी तस्वीर का हिस्सा है।यूक्रेन के के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि अधिकारी अभी भी विवरण पर काम कर रहे हैं। समझौते की मूल शर्तों को ट्रंप के वॉइट हाउस में वापसी के बाद तैयार किया गया था।

# कनाडा ने लिया बड़ा फैसला, नए वीजा नियम किए जारी, ट्रंप की तरह अब भेजेगा वापिस




ओटावा ,(आरएनएस)। प्रवासन को रोकने के लिए कनाडा के नवीनतम कदम भारत सहित हजारों विदेशी छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। इसका उन लोगों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जो वर्क और रेजिडेंट परमिट के लिए आवेदन करते हैं।

यह नए नियम फरवरी की शुरुआत से प्रभावी हो गए हैं और इनके तहत कनाडाई बॉर्डर अधिकारियों को [यदि वे ऐसा करना जरूरी समझें] ङ्क छात्रों, कामगारों और प्रवासियों के वीजा स्टेट्स में किसी भी समय बदलाव करने की शक्तियां मिल गई हैं। नए इमिग्रेशन और शरणार्थी संरक्षण विनियमों के तहत, कनाडाई बॉर्डर कर्मियों को अब अस्थायी निवासी दस्तावेजों जैसे इलेक्ट्रॉनिक यात्रा प्राधिकरण या ईटीए और अस्थायी रेजिडेंट वीजा या टीआरवी को अस्वीकार करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं। इसका मतलब यह है कि सीमा अधिकारी अब ऐसे डॉक्यूमेंट्स को रद्द कर सकते हैं, जिनमें वर्क परमिट और स्टूडेंट वीज़ा शामिल हैं।हालांकि परमिट और वीजा को अस्वीकार करने के लिए कुछ दिशा-निर्देशों का पालन करना जरूरी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसमें एक दिशा-निर्देश यह भी है कि अगर कोई अधिकारी इस बात से आश्वस्त नहीं है कि व्यक्ति अपने अधिकृत प्रवास की अवधि समाप्त होने के बाद कनाडा छोड़ देगा, तो वे कनाडा में रहने के दौरान भी उसके प्रवेश को अस्वीकार कर सकता है या उसका परमिट रद्द कर सकता है। इस तरह का निर्णय लेने की विवेकाधीन शक्तियां पूरी तरह से अधिकारी के पास निहित हैं। इन नए नियमों और विनियमों में अनिश्चितता की गुंजाइश है, और यह संभावित रूप से बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय छात्रों और श्रमिकों को प्रभावित कर सकते हैं। कनाडा, भारतीय छात्रों, श्रमिकों और कानूनी प्रवासियों के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में कनाडा में अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 4.2 लाख से अधिक है। यदि किसी छात्र, कर्मचारी या प्रवासी को प्रवेश से वंचित कर दिया जाता है, तो उन्हें प्रवेश के समय बंदरगाह पर रोक दिया जाएगा और उनके देश वापस भेज दिया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति का परमिट रद्द कर दिया जाता है, [जबकि वह पहले से ही कनाडा में अध्ययन, काम या निवास कर रहा है], तो उसे तय तिथि तक देश छोड़ने का नोटिस दिया जाएगा।इन श्रेणियों के अलावा, बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटक भी कनाडा जाते हैं। इनमें से सभी के पास अलग-अलग अवधि के लिए अस्थायी परमिट भी हैं। 2024 के पहले छह महीनों में, कनाडा ने 3.6 लाख से ज्यादा भारतीयों को ट्रैवल वीजा जारी किया। कनाडाई अधिकारियों द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2023 में भी, साल के पहले छह महीनों में भारतीयों की संख्या 3.4 लाख थी। नए नियमों का असर जिन लोगों पर पड़ेगा, उन्हें इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा की तरफ से ईमेल के साथ-साथ उनके आईआरसीसी अकाउंट के जरिए सूचना दी जाएगी। इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि ऐसे व्यक्तियों द्वारा निवेश किए गए या पहले से भुगतान किए गए पैसे का क्या होगा? सिर्फ़ तीन महीने पहले ङ्क नवंबर 2024 में, कनाडा ने स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम या एसडीएस वीजा प्रोग्राम को बंद कर दिया था। यह उन भारतीय छात्रों के लिए एक पसंदीदा रूट था, जो उत्तरी अमेरिकी देश में अपनी शिक्षा के लिए आश्वस्त होने के लिए पहले से पैसे की गारंटी देने के लिए तैयार थे।

# विमान की लैंडिंग के दौरान रनवे पर आया दूसरा प्लेन, पायलट की सूझबूझ से बची कई लोगों की जान

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका में पायलट की सूझबूझ से बड़ा विमान हादसा टल गया। शिकागो के मिडवे एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान साउथवेस्ट एयरलाइंस के विमान को अचानक फिर उड़ान भरनी पड़ गई क्योंकि इसी दौरान रनवे पर एक दूसरा विमान आ गया था।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में दिखाया गया है कि साउथवेस्ट विमान मंगलवार को सुबह 8.50 बजे सीएसटी पर उतर ही रहा होता है कि, जमीन छूने के बाद उड़ान भरने लगता है। क्योंकि दूसरा विमान रनवे पर दिखाई देता है।

जानकारी साझा करते हुए साउथवेस्ट एयरलाइन के प्रवक्ता ने एक कहा कि साउथवेस्ट फ्लाइट 2504 सुरक्षित रूप से उतरी, 'चालक दल ने रनवे में प्रवेश करने वाले दूसरे विमान के साथ संभावित टकराव से बचने के लिए एहतियाती तौर पर चक्कर लगाया। चालक दल ने सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया और विमान बिना किसी घटना के उतरा। अधिकारियों ने बताया कि चालक दल ने तेजी से काम किया जिससे संभावित टकराव को टाला जा सका। घटना के बाद फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ट्रंप की 'गोल्ड कार्ड' योजना, 43 करोड़ 55 लाख देकर बन जाओ अमेरिकी नागरिक

न्यूयॉर्क ,(आरएनएस)। एक तरफ जहां अमेरिका अवैध प्रवासियों को वापिस उनके मुल्क भेज रहा है तो दूसरी तरफ अब राष्ट्रपति ट्रंप ने नया पैतरा अपनाया है। ट्रंप ने निवेशकों को लुभाने के लिए एक योजना बनाई है। ट्रंप की योजना के मुताबिक, जिन लोगों को अमेरिकी नागरिकता चाहिए उन्हें 50 लाख डॉलर (लगभग 43 करोड़ 55 लाख) रुपए खर्च करने होंगे।

ये गोल्ड कार्ड अमेरिका के 35 साल पुराने निवेशक वीजा की जगह लेंगे। इसका एलान करते हुए ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा कि 'इस तरह नागरिकता लेने वाले लोग अमीर और सफल होंगे। वे बहुत सारा पैसा खर्च करेंगे और यहां टैक्स का भुगतान करेंगे। साथ ही वे लोगों को रोजगार भी देंगे। हमें लगता है कि यह योजना बेहद सफल होने वाली है।' यह गोल्ड कार्ड, ग्रीन कार्ड का प्रीमियम वर्जन होगा। गोल्ड कार्ड प्राप्त करने के बाद न सिर्फ अमुख व्यक्ति को ग्रीन कार्ड से ज्यादा खास अधिकार होंगे, बल्कि अमेरिका में निवेश करने और नागरिकता प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। भविष्य में एक मिलियन यानी 10 लाख कार्ड बेचे जाएंगे। इस योजना का लक्ष्य दुनियाभर से अमीर लोगों को अमेरिका की ओर खींचना है, जो देश में नौकरियों के अवसर बढ़ाएंगे। ट्रंप ने कहा, हम एक गोल्ड कार्ड बेचने जा रहे हैं। हम उस कार्ड की कीमत लगभग 5 मिलियन डॉलर रखेंगे। ओवल ऑफिस में वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ कार्यकारी आदेशों पर साइन करते हुए ट्रंप ने कहा, हम एक गोल्ड कार्ड बेचने जा रहे हैं। आपके पास ग्रीन कार्ड है, यह गोल्ड कार्ड है। इसकी कीमत लगभग 5 मिलियन डॉलर होगी और इससे आपको ग्रीन कार्ड जैसे विशेष अधिकार मिलेंगे। उन्होंने आगे कहा, यह नागरिकता के लिए एक नया रास्ता खोलेगा। अमीर लोग इस कार्ड को खरीदकर अमेरिका में आएंगे यहां निवेश करेंगे और बहुत सारे रोजगार पैदा करेंगे।

# संकट में बांग्लादेश, शेख हसीना की सरकार गिराने वाले छात्रों ने किया पार्टी बनाने का ऐलान, आर्मी चीफ ने दी चेतावनी



ढाका, (आरएनएस)। बांग्लादेश में सियासी भूचाल फिर से आने वाला है। छात्र नेताओं द्वारा अब अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान कर दिया गया है। ये वहीं छात्र है जिन्होंने शेख हसीना की सरकार गिरा दी थी।मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के सलाहकार नाहिद इस्लाम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नाहिद इस्लाम यूनुस कैबिनेट में सूचना सलाहकार के पद पर तैनात थे। उन्होंने मोहम्मद यूनुस को अपना इस्तीफा दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नई पार्टी बनाने की घोषणा जल्द की जाएगी। जातीय नागरिक समिति के मुख्य आयोजक सरजिस आलम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पार्टी बनाने का एलान किया है।

वहीं दूसरी तरफ बांग्लादेश में नेताओं के बीच आंतरिक स्थिति की पैदा हो गई है। बांग्लादेश आर्मी चीफ (सेना प्रमुख) ने भी सभी नेताओं को चेतावनी दी है। सेना प्रमुख वकार-उज्जमान ने कहा, देश की कानून व्यवस्था खराब होने के कुछ कारण हैं। पहला कारण हैं कि हम आपस में ही लड़ने में व्यस्त हैं। अगर आप अपने मतभेदों को नहीं भुलाते हैं तो इससे दिक्कत होगी। देश की संप्रभुता जोखिम में पड़ जाएगी। मैं चेतावनी दे रहा हूं। सभी नेता एक दूसरे पर आरोप लगाने में व्यस्त हैं, जिससे शरारती तत्वों को माहौल बिगाड़ने का मौका मिल रहा है। सेना प्रमुख वकार-उज्जमान ने नेताओं को कहा कि मैं सिर्फ आपको वार्निंग दे रहा हूं। इसके पीछे कोई निजी एजेंडा नहीं है। मैं देश की भलाई में यह बात कह रहा हूं। मैं सिर्फ शांति बहाली चाहता हूं।

बता दें कि पिछले साल सरकार नौकरियों में आरक्षण खत्म करने की मांग को लेकर छात्रों ने प्रदर्शन किए थे। आंदोलनकारी छात्रों ने शेख हसीना सरकार के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन किए। इस हिंसक प्रदर्शन में 1200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। छात्र आंदोलन की वजह से न सिर्फ शेख हसीना की सरकार गिर गई बल्कि उन्हें अपने परिवार के साथ भाग कर भारत में शरण लेनी पड़ी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा एक्शन, 4 भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका ने ईरान को कमजोर करने के लिए उसके पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज से जुड़ी 16 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस लिस्ट में 4 भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। यह कदम अमेरिकी प्रशासन के ईरान पर प्रतिबंधों को और कड़ा करने के अभियान का हिस्सा है।



जिन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं उनमें ऑस्टिनशिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड,बीएसएम मरीन एलएलपी,कॉसमॉस लाइन्स इंक और फ्लक्स मैरीटाइम एलएलपी शामिल है। बता दें कि भारत की ओर से अब तक इस प्रतिबंध पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि इन कंपनियों को ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज से जुड़े व्यापारिक संबंधों के लिए प्रतिबंधित किया जा रहा है। बयान में कहा गया कि अमेरिका इस अवैध शिपिंग नेटवर्क को बाधित करेगा, जो एशिया में खरीदारों को ईरानी तेल बेचने के लिए काम करता है। बयान में यह भी बताया गया कि यह नेटवर्क सैकड़ों मिलियन डॉलर के कच्चे तेल के कई बैरल को अवैध शिपिंग के जरिए बेचने की कोशिश कर रहा था। यह कदम राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल से शुरू हुई ईरान पर दबाव डालने की नीति का हिस्सा है, जो तेल राजस्व के जरिए ईरान के आतंकवाद को आर्थिक रूप से कमजोर करने के प्रयासों के मद्देनजर लिया गया है।

# सीरिया पर कहर बनकर टूटा इजरायल, लड़ाकू विमानों ने राजधानी दमिश्क के पास बरसाए बम

दमिश्क ,(आरएनएस)। इजरायल के लड़ाकू विमानों ने मंगलवार देर रात सीरिया की राजधानी के दक्षिण में एक शहर और दक्षिणी प्रांत दारा पर हवाई हमले किए। सुरक्षा सूत्रों और स्थानीय प्रसारक सीरिया टीवी ने बताया कि मंगलवार देर रात सीरिया की राजधानी में कई धमाके सुने गए। इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने एयर स्ट्राइक की पुष्टि की है। काट्ज ने कहा कि हमले इसलिए किए गए ताकि सीरियाई बल या दूसरे आतंकवादी समूह दक्षिण सीरिया में आईडीएफ के बफर जोन का उल्लंघन ना करें।इजरायली सेना ने इन हमलों को लेकर कहा कि पिछले कुछ घंटों में आईडीएफ ने दक्षिणी सीरिया में सैन्य ठिकानों पर हमला किया, जिसमें कमांड सेंटर और हथियार रखने वाली कई जगहें शामिल हैं। सीरिया के दक्षिणी हिस्से में सैन्य बलों और संपत्तियों की मौजूदगी इजरायली नागरिकों के लिए खतरा पैदा करती है। इजरायलियों के लिए किसी भी खतरे को दूर करने के लिए आईडीएफ काम करना जारी रखेगा।

# कुबेरेश्वर धाम पर व्यवस्थाओं की कलेक्टर-एसपी निरंतर कर रहे हैं मॉनिटरिंग

## -कथा स्थल पर सुचारू रूप से चल रही हैं सभी व्यवस्थाएं



सीहोर (निप्र)। कुबेरेश्वर धाम में शिव महापुराण कथा के सुचारू संचालन तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा अनेक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके साथ ही कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला कथा स्थल एवं आस पास के स्थानों का निरंतर निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी श्री शुक्ला ने कथा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुबेरेश्वर धाम स्थित दुकानों में विक्रय होने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों की निरंतर जांच की जाए तथा मिलावट या अमानक पाए जाने पर संबंधित दुकानदार के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए जो भोजन बनाया जाएगा, उसकी खाद्य एवं औषधि निरीक्षक द्वारा समय समय पर जाँच की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस आयोजन कि दौरान पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत सप्लाई निर्बाध रूप से संचालित रहे। उन्होंने निर्देश दिए आयोजन के दौरान सफाई व्यवस्था निरंतर चलती रहे ताकि स्वच्छता बनी रहे। उन्होंने क्रिसेंट चौराहा से बनाए गए डायवर्ट प्वाइंट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी ड्यूटी पूरी मुस्तैदी से करते रहें तथा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होंने पर संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाएं तथा तुरंत वैकल्पिक समाधान करें। कथा के दौरान प्रशासन के लिए आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जाएं ताकि किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तन्मय वर्मा सहित पुलिस एवं प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने किया 10 क्विंटल खिचड़ी का वितरण



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के मेन रोड स्थित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय के कार्यालय से यहां पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को फलहारी खिचड़ी का वितरण किया गया। इस मौके पर शहर के प्राचीन शिव मंदिर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय पहुंचे और शहरवासियों की सुख समृद्धि को लेकर पूजा अर्चना के पश्चात करीब 10 क्विंटल खिचड़ी का वितरण किया गया। इस मौके पर धर्मेन्द्र यादव, पवन राठौर, गोविन्द शर्मा, पवन अरोरा आदि शामिल थे। जिन्होंने श्रद्धालुओं को फलहारी खिचड़ी का वितरण किया।

# बोध दिवस पर निकाली गई प्रभात फेरी



सीहोर (निप्र), आर्य समाज के संस्थापक महार्षि दयानंद सरस्वती के बोध दिवस पर बुधवार, दिनांक 26 फरवरी को प्रातः 5 बजे से प्रभात फेरी आर्य समाज मंदिर गंज सीहोर से निकाली गई। जिसमें महार्षि दयानन्द सरस्वती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित स्मरण गीत गाये गये। स्मरण गीत आर्य समाज के वरिष्ठ सदस्य रमेशचन्द्र राठौर (पीएचई), नरेन्द्र कुमार राठौर एवं नरेशचन्द्र राठौर द्वारा गये गये। जयघोष रमेश कुमार राठौर व रामस्वरूप गौर द्वारा लगवाये गये। प्रभात फेरी नगर के मुख्य-मुख्य मार्गों से भ्रमणोपरांत पुनः आर्य समाज मंदिर गंज पहुंचकर ध्वजगान के साथ सम्पन्न हुई। तत्पश्चात सभी आर्यजनों ने मिलकर आर्य समाज मंदिर में धर्मेन्द्र शास्त्री के आचार्यत्व में विशेष यज्ञ कर आहूति दी गई। यज्ञ शांतिपाठ, जयघोष एवं प्रसाद वितरण के पश्चात हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। प्रभातफेरी एवं यज्ञ में निम्न आर्यजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आर्य समाज के उप प्रधान तरूण कुमार जगवानी, मंत्री आर्य रितेश राठौर, पुस्तकाध्यक्ष शिक्षक बाबूलाल राठौर, कोषाध्यक्ष राजकुमार राठौर, मौसम वैज्ञानिक डॉ.सत्येन्द्र सिंह तोमर, डॉ. राजमल मनोरिया, शंकरलाल छाया, मूलचन्द छाया, गंगाप्रसाद छाया, पहलवान रामदयाल राठौर, पहलवान रामदीन राठौर, एसडीओ कृषि विभाग सुरेन्द्र राठौर, अवधनारायण राठौर, बाबूसिंह आर्य, आचार्य चन्द्रदेव, भगतसिंह आर्य, राकेश राठौर, शिक्षक रितेश राठौर, नितिन नरोलिया, राजेन्द्र राठौर संचालक मण्डी शमशान, श्रीमती गायत्री राठौर, श्रीमती वर्षा राठौर, श्रीमती स्वेता राठौर, श्रीमती गुप्तजी, प्रदीप राठौर, कमलेश राठौर, संजय राठौर, देवकरण परमार, माखनसिंह परमार, इंजि.अतिरूद्र राठौर, आरव राठौर, महेश राठौर, बलवंत कौशल, अनूप कौशल, कुँवरसिंह राठौर, विजय राठौर, अशोक राठौर योग शिक्षक, राजेन्द्र राठौर, आर्यमन राठौर आदि आर्यजन उपस्थित रहे।

# सर्व हिंदू, जैन, बौद्ध समाज के लिए विशाल प्रत्यक्ष परिचय सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न

## खंगराले के नेतृत्व में युवक-युवतियों ने लिया भाग

सीहोर (निप्र)। सुशीला देवी फाउंडेशन द्वारा दिनांक 23 रविवार एवं 24 फरवरी 2025 सोमवार को उज्जैन के कालिदास अकादमी हॉल में सर्व हिंदू सर्व जैन सर्व बौद्ध समाज के 20 वर्ष से 38 वर्ष आयु के अविवाहित युवक युवतियों के रिश्तों के लिए एवं 35 वर्ष से 68 वर्ष के तलाकशुदा, विधवा एवं विधुर व्यक्तियों के रिश्तों के लिए एक विशाल अखिल भारतीय प्रत्यक्ष परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे मध्यप्रदेश राजस्थान के साथ देश के अन्य राज्यों से भी विवाह के इच्छुक लोगो ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया और मंच पर आकर प्रत्यक्ष परिचय दिया और सभी प्रतिभागियों ने सुशीला देवी फाउंडेशन द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन की बहुत प्रशंसा की, दो दिवसीय अखिल भारतीय स्तर के परिचय सम्मेलन में 41 समाजसेवीयो का और 11 अति उच्च शिक्षित विद्यार्थियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया और दोनो दिन कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध सिंगर कुमार कैलाश और प्रसिद्ध भजन सिंगर संस्कृति सूर्यवंशी द्वारा बहुत ही शानदार गीतों की, भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसको सभी उपस्थित लोगो द्वारा बहुत आनन्द लिया गया और बहुत ज्यादा सराहा गया,



कार्यक्रम में सिंगर कुमार कैलाश, संचालक डॉक्टर सिमरन सूर्यवंशी, कोषा अध्यक्ष सिद्धार्थ सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष सुधांशु जी, सिंगर संस्कृति जी, प्रेम नारायण जी, समाजसेवी आशा, सीहोर से पूर्व पार्षद नरेन्द्र खंगराले पत्नि आरती खंगराले पूर्व पार्षद एवं नवयुवक-युवतियों सहित बडी संख्या में लोगों ने भाग ले कर आयोजन को सफल बनाने के अपनी भूमिका निभाई, कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर सिमरन सूर्यवंशी द्वारा किया गया और पंजीयन और अतिथियों के लिए कार्य में सिद्धार्थ सूर्यवंशी उपाध्यक्ष सुधांशु सूर्यवंशी और अन्य सभी प्रमुख समाज सेवीयो द्वारा किया गया। सुशीला देवी फाउंडेशन द्वारा अगला प्रत्यक्ष परिचय सम्मेलन धार मध्य प्रदेश में बहुत बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा 11 ये जानकारी फाउंडेशन के अध्यक्ष सिंगर कुमार कैलाश ने दी।

# लव जिहादी एडवोकेट के पुतले को पहले फांसी दी फिर जूते मारकर जला दिया

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने जताया आक्रोश

सीहोर (निप्र)। लव जिहाद को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल



एक बार फिर बुधवार को जबरदस्त आक्रोशित दिखाई दिया। गैर मुस्लिम महिला को प्रेम जाल में फंसा कर लव जिहाद को अंजाम देने वाले आरोपी एडवोकेट को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं सहित सकल हिंदू समाज ने शहर के बड़ाबजार में सांकेतिक फांसी दी और आरोपी के पुतले को जूते मार कर जला दिया।दुष्कर्म के आरोपी कस्बा सीहोर निवासी एडवोकेट जी एम खान को गिरफ्तारी से बचने के लिए डॉक्टरों द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती करने और पुलिस प्रशासन के द्वारा तत्काल उचित कार्यवाही नहीं करने को लेकर भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। लव जिहाद के आरोपी एडवोकेट जी एम खान का पुतला दहन करने से पहले उसे चौराहे पर फंसी पर लटकाया गया। पुतले को जूते से मारा गया। पुतला दहन में शामिल महिलाओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार नारेबाजी की गई। प्रदर्शन में महिलाएं और कार्यकर्ता लव जिहाद के विरोध में तख्तियां लेकर शामिल हुए और विरोध दर्ज कराया।

## सीहोर जिले के युवा गीतकार एवं साहित्यकार आदित्य हरि गुप्ता सम्मानित

सीहोर (निप्र)। साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा प्रदेश के युवा रचनाकारों की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सृजनात्मक कार्यशाला कौशल्या कुटी में सम्पन्न। कार्यशाला में साहित्य अकादमी के निदेशक डॉं. विकास दवे जी ने सीहोर के बहुचर्चित उभरते गीतकार आदित्य हरि गुप्ता को उनके साहित्य के प्रति समर्पण एवं सतत् सृजनात्मक उपलब्धियों के लिये दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सृजनात्मक कार्यशाला में सम्मानित किया ।

# हाईकोर्ट का फैसला जयश्री गायत्री फूड को क्लीन चिट

## फैक्ट्री में 5000 हजार से अधिक परिवारों के पोषण जिम्मेदारी, मिली राहत परिवारों ने किया फैसले का स्वागत

सीहोर (निप्र)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ पिपलियामीरा स्थित जयश्री गायत्री फूड फैक्ट्री से 5000 हजार से अधिक परिवारों का भरण-पोषण होता है और यहां पर जबसे फैक्ट्री लगी है। उसने जिले का नाम रोशन किया है। वहीं कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा समय-समय पर फैक्ट्री प्रबंधन को बदनाम करने की साजिश की जाती है, लेकिन हाई कोर्ट ने भोपाल के डेयरी प्रोडक्ट में मिलावट से जुड़े मामले में जयश्री गायत्री फूड को क्लीन चिट दे दी है। इसके बाद डायरेक्टर्स किशन मोदी, पायल मोदी, राजेन्द्र मोदी और पूर्व सीईओ अमित कुमार कुडलोड के खिलाफ ईओडब्ल्यू जबलपुर द्वारा दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया गया है। 21 अप्रैल 2024 को ईओडब्ल्यू में कंपनी के डायरेक्टर्स के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। इस मामले में फैक्ट्री को कोर्ट से क्लीन चिट मिलने से मामला पूरी तरह साफ हो गया है और फैक्ट्री के कर्मचारियों की रोजी-रोटी पर मंडराने वाले संकट खत्म हो गया है। सीहोर में जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स फैक्ट्री गुणवत्ता मानकों के अनुसार विनिर्माण और एफएसएसएआई मानकों और खाद्य सुरक्षा मानदंडों के अनुसार दोनों डेयरी और गैर-डेयरी खाद्य उत्पादों का उत्पादन करता है देश और विदेश में नाम रोशन कर रही पनीर फैक्ट्री को बदनाम करने से हजारों लोगों की रोजी-रोटी संकट में आती है और प्रबंधन का नाम खराब होता है, लेकिन जब लेकिन हाई कोर्ट ने भोपाल के डेयरी प्रोडक्ट में मिलावट से जुड़े मामले में जयश्री गायत्री फूड को क्लीन चिट देने के बाद फैक्ट्री कर्मचारियों ने कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए जोरदार आतिशबाजी की। समाज की सेवा में और अन्य धार्मिक कार्य में रहते हमेशा शामिल डायरेक्टर्स किशन मोदी, पायल मोदी, राजेन्द्र मोदी और पूर्व





सीईओ अमित कुमार कुकुलोद आदि सभी कर्मचारी समाजसेवा में निरंतर तत्पर रहते है, कई बार समाजों के सामूहिक विवाह समारोह में संचालक और समाजसेवी राजेन्द्र मोदी ने मंगल सूत्र के अलावा कन्यादान में मदद की है, इसके अलावा कुबेरेश्वरधाम आदि में जो भी भंडारे आदि होते है उसमें श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई आदि का इंतजाम करने के साथ-साथ अस्पताल आदि में मरीजों की मदद करने के अलावा मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों सहयोग किया जा रहा है।

जय श्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स फैक्ट्री अपनी गुणवत्ता के लिए पहचानी जा रही

जिला मुख्यालय के समीपस्थ जय श्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स फैक्ट्री अपनी गुणवत्ता के लिए पहचानी जा रही है, फैक्ट्री में क्षेत्र सहित आस-पास के सैकड़ों बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है, इसके प्रोडक्ट्स देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी पहचान बनाए है। गत दिनों पाम हैं। आयल के उपयोग संबंधित समाचार लेखों पर फैक्ट्री ने अपना स्पष्टीकरण दिया है। जिसमें फैक्ट्री के प्रबंधक का कहना है कि स्पष्ट किया जाता है कि सीहोर में जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स फैक्ट्री गुणवत्ता मानकों के अनुसार विनिर्माण और एफएसएसएआई मानकों और खाद्य सुरक्षा मानदंडों के अनुसार दोनों डेयरी और गैर-डेयरी खाद्य उत्पादों का उत्पादन करता है।

जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड भारतीय घरेलू बाजार में खाद्य उत्पादों की विभिन्न वस्तुओं का बी 2 बी निर्माता और आपूर्तिकर्ता है और विश्व स्तर पर 20 से अधिक देशों को निर्यात करता है। पनीर उन डेयरी उत्पादों में से एक है जिसका उत्पादन कंपनी की सीहोर फेसिलिटी में किया जा रहा है। सीहोर फेसिलिटी में निर्मित कुछ गैर-डेयरी उत्पादों में उनके प्रमुख अवयवों में से एक के रूप में दिशानिर्देशों के अनुसार पाम ऑइल की जरूरत होती है, एफएसएसएआई मानकों और खाद्य सुरक्षा मानदंड के अनुसार इन अन्य डेयरी उत्पादों में टेबल मार्जरीन, मेयोनीज, एनालॉग चीज़ और एनालॉग श्रेणियां शामिल हैं।

कंपनी के पास केंद्रीय एफएसएसएआई लाइसेंस है जिसमें हमारे पास उनके नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार डेयरी और गैर-डेयरी उत्पादों की विभिन्न श्रेणियां हैं। घरेलू बी2सी खुदरा बाज़ार में बेचे जाने वाले उत्पादों की श्रेणी में विनियमों के आदेशानुसार हर उत्पाद की बाहरी पैकेजिंग पर सामग्री की सूची का उल्लेख होता है। कंपनी पर वेंडर ऑडिट के साथ एफएसएसएआई सक्षम प्राधिकारी द्वारा अघोषित ऑडिट किये जाते हैं। कंपनी ने अब तक किए गए सभी ऑडिट में ए ग्रेड हासिल किया है और किसी भी ऑडिटर द्वारा कभी भी कोई दोष नहीं पाया गया है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उत्पादों की बी2बी आपूर्ति को भी खरीद कंपनियों और ब्रांडों द्वारा गुणवत्ता के लिए जांचा और विनियमित किया जाता है। हम विनियमन के दिशानिर्देशों के अनुसार आंतरिक और बाह्य गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हम पूरी तरह से खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का पालन करते हैं और सभी वैधानिक और कानूनी आवश्यकताओं का पालन करते हैं।

# लाखों श्रद्धालुओं के लिए 200 क्विंटल से अधिक प्रसादी का वितरण किया गया

## शिव भक्ति का पावन केन्द्र बिंदु कुबेरेश्वरधाम, 12 ज्योर्तिलिंगों के मध्य : पंडित प्रदीप मिश्रा

## आज लगाए जाएंग अतिरिक्त टेंट और पंडाल, तीनों डोम, 15 टेंट हुए फुल



सीहोर (निप्र)। आज महाशिवरात्रि का पावन अवसर है और हम सब भाग्यशाली है जो लाखों की संख्या में शिव भक्ति का पावन केन्द्र बिंदु कुबेरश्वरधाम पर जोकि 12 ज्योर्तिलिंगों के मध्य में है उसमें भगवान शिव की भक्ति में सराबोर है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय भव्य रुद्राक्ष महोत्सव के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने कहाकि शिव पुराण में वर्णन है कि फाल्गुन महीने के शुक्ल पक्ष के चौदहवें दिन यानी चतुर्दशी तिथि पर पहली बार शिवलिंग प्रकट हुआ था। तब भगवान विष्णु और ब्रह्मा जी ने शिवलिंग की पूजा की। इसी दिन को शिवरात्रि कहा गया। उन्होंने बुधवार को शिवरात्रि के पावन कथा का वर्णन किया। इस मौके पर सुबह से ही यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को करीब 200 क्विंटल से अधिक फलहारी का निशुल्क वितरण किया। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को खीर, फलहारी मिक्चर, खिचडी और 20 हजार से अधिक छाछ पाउच वितरण किया। कथा के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में उनके भोजन के लिए पूरे देश भक्त से सेवादार आए है, मालेगांव से भी सैकडों की संख्या में भोजन प्रसादी वितरण करने के लिए आए है उनको में मंच से धन्यवाद देना चाहता हूं इस मौके पर उनकी सेवा पर लाखों श्रद्धालुओं ने ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सेवा करने वाले को भगवान अवश्य फल देता है, सबसे बडी सेवा है, यहां पर आने वाले सेवादार आपकी सेवा में रात-दिन लीन है, यह सबसे बडी भक्ति है।

इस मौके पर पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि पूरे देश के श्रद्धालुओं को कुबेरेश्वरधाम पर होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर इच्छा रहती है, इस पावन धाम पर होने वाले महोत्सव से, हजारों श्रद्धालुओं के पत्र आते है किसी को पुत्र की प्राप्ति के तो किसी को नौकरी मिलने सहित अन्य बीमारियों के निदान के। सभी देवता देते भैया पल्ला झाड कर मेरे भोले बाबा देते भैया छप्पर फाडकर। भगवान महादेव पर विश्वास और आस्था होना चाहिए, तब ही सत्य के मार्ग पर आप अग्रसर हो सकते है। अपने कर्म के प्रति जिस दिन तुम जागरूक हो जाओगे, उस दिन तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य की प्राप्ति निश्चित है। कर्म का फल जरूर मिलता है। श्री शिवपुराण में भी लिखा है कि स्वयं कर्म करोगे तो दुख घटना शुरू हो जाएगा। कर्म की लिस्ट हम स्वयं तैयार करते है। भगवान शिव की आराधना करने वाला भक्त कभी दुखी नहीं रहता। भगवान भोलेनाथ हर भक्त की सुनते हैं। भोले की भक्ति में शक्ति होती है। भगवान भोलेनाथ कभी भी किसी भी मनुष्य की जिंदगी का पासा पलट सकते हैं। बस भक्तों को भगवान भोलेनाथ पर विश्वास करना चाहिए और उनकी प्रतिदिन आराधना करनी चाहिए। भक्ति हम भी प्रतिदिन करते हैं और भगवान से प्रार्थना करते हैं कि सभी के संकट दूर करें। स्त्री की गोद और पुरुष की जेब कभी खाली नहीं रहनी चाहिए, अगर खाली रह जाए तो दुनिया जीने नहीं देती है, ताने देती है।

### हरदा से कथा का श्रवण करने आई महिला ने किया पति सुधर गए

यहां पर हरदा से कथा का श्रवण करने आई महिला का कहना है उसके पति मुझे कथा का श्रवण करने लाए है, हमारे पति शराब की लत में लिप्त थे, हमारा घर नर्क बन गया, लेकिन कथा का श्रवण करने के कारण उनके विचार बदल गए और शराब को त्याग करने के बाद अब हमारा परिवार सुखी हो गया है और अपने बच्चों के साथ मुझे लेकर कथा में आए है। इस तरह के अनेक श्रद्धालु पूरी आस्था और विश्वास के साथ कथा का श्रवण कर रहे है।

## जनसुनवाई आयोजित नही करने पर 03 पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रति मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इछावर जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती शिवानी मिश्रा द्वारा इछावर जनपद के ग्राम पंचायत वीरपुरडैम के सचिव जगदीश मीणा, ग्राम पंचायत अलीपुर के सचिव नेपाल सिंह एवं ग्राम पंचायत शाहपुरा के सचिव कैशव मैथिल को 25 फरवरी को ग्राम पंचायत में जनसुनवाई आयोजित न करने, लंबित सीएम हेल्पलाइन एवं जनसमस्याओं को निराकरण न करने एवं वेब लिंक के माध्यम से एसडीएम कार्यालय से न जुडने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस के अनुसार इन सभी ग्राम पंचायत सचिवों को 02 दिनो के भीतर उपस्थित होकर लिखित रूप में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

**कार्यालय कलेक्टर, जिला सीहोर (म0प्र0)**

क्रमांक 59/वित्त./2025 — सीहोर, दिनांक 17/02/2025

::निविदा::

जिला कार्यालय सीहोर के कम्पोजिट भवन में स्थापित समस्त शासकीय कार्यालयों की एवं आमजनों के लिये फोटोकापी की सुविधा उपलब्ध करवाये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये फोटोकॉपी की दरें नियत दिनांक 03/03/2025 तक सीलबंद लिफाफे में डिमांड ड्राफ्ट राशि 10,000/- रूपये सहित आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 04/03/2025 को दोपहर 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों एवं समिति सदस्यों के समक्ष खोली जावेंगी। इच्छुक निविदाकार अपनी निविदा कार्यालयीन समय में जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 15, अधीक्षक कक्ष में स्थापित बाक्स में दिनांक 03/03/2025 तक जमा करा सकते हैं। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें, रूपये 500/-(पांच सौ रूपये मात्र) का भुगतान कर कलेक्टर कार्यालय की नजारत शाखा से प्राप्त कर सकते है। नियत दिनांक को अपरिहार्य कारण से अवकाश घोषित होने की दशा में निविदा अगले दिन जमा की जा सकेगी।

जी/23501/24

कलेक्टर,
जिला सीहोर ( म0प्र0 )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com